हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



**आज अंतिम संस्कार**

*विमान के जमीन पर गिरते ही हुआ धमाका फिर आग और धुआं*

*पायलट ने नहीं किया था कोई 'मेडे' कॉल होगी जांच*

# प्लेन क्रैश डिप्टी सीएम अजित समेत पांच की मौत, 'कोहरे' से कोहराम

## नजर नहीं आया रनवे, पहली कोशिश फेल, दूसरे में हादसा

*बुधवार की सुबह महाराष्ट्र और देश की राजनीति के लिए गहरे शोक की खबर लेकर आई, जब महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और चार अन्य लोगों की एक विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई। हादसे में मरने वालों में दो पायलट भी शामिल हैं। महिला फ्लाइंट अटेंडेंट के अलावा अजित पवार के पीए की भी इस दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। अजित पवार के विमान ने बुधवार सुबह लगभग आठ बजकर 10 मिनट पर उड़ान भरी थी, लेकिन लैंडिंग के समय कोहरे के कारण क्रैश हो गया।*

एजेंसी ▶▶| मुंबई/नई दिल्ली

केंद्रीय एविएशन मिनिस्टर राम मोहन नायडू ने बताया कि पायलट ने बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग की कोशिश की थी, लेकिन रनवे साफ दिखाई नहीं दिया तो वह प्लेन को दोबारा ऊंचाई पर ले गया। पहली कोशिश नाकाम रहने के बाद बारामती के रनवे-11 पर दोबारा लैंडिंग की कोशिश की गई। इस दौरान विमान रनवे से पहले ही गिर गया और उसमें आग लग गई। इस दौरान पायलट ने कोई इमरजेंसी सिग्नल नहीं दिया था। उसने 'मेडे' कॉल भी नहीं किया था। वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो की टीम दुर्घटनास्थल का दौरा करेगी और मामले में जांच करेगी। मृतकों में चालक दल के दो सदस्य भी शामिल ▶▶|शेष पेज 6 पर



### तीन दिन का राजकीय शोक

महाराष्ट्र सरकार ने समूचे राज्य में 30 जनवरी तक तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है और इस दौरान उन सभी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा जहां इसे नियमित रूप से फहराया जाता है। शोक की अवधि के दौरान कोई आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम नहीं होगा।

### 2019 में हो गई थी भविष्यवाणी

ज्योतिष की एक विदुषी महिला श्रुति द्विवेदी ने 2019 में ही इस बात की भविष्यवाणी कर दी थी कि अजित पवार 2026-27 के आसपास इस तरह विमान हादसे के शिकार हो सकते हैं और इसमें उनकी जान भी जा सकती है।

### इन पांच की गई जान

- अजित पवार -डिप्टी सीएम
- कैप्टन सुमित कपूर -पायलट
- कैप्टन शांभवी पाठक- सह-पायलट
- विदिप जाधव- पीए
- पिंकी माली- फ्लाइट अटेंडेंट

### कहां जा रहे थे पवार

*डिप्टी सीएम अजित पवार आगामी जिला परिषद चुनावों की तैयारियों का जायजा लेने के लिए पुणे के बारामती जा रहे थे। 5 फरवरी को पुणे जिले में होने वाले चुनावों के सिलसिले में उनका यह बारामती दौरा बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा था।*

### कैसे हुई घटना

*पायलट ने बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग की कोशिश की थी, लेकिन रनवे साफ दिखाई नहीं दिया तो वह प्लेन को दोबारा ऊंचाई पर ले गया। पहली कोशिश नाकाम रहने के बाद बारामती के रनवे-11 पर दोबारा लैंडिंग की कोशिश की गई। इस दौरान विमान रनवे से पहले ही गिर गया और उसमें आग लग गई।*

### आखिरी शब्द... ओह शिट... ओह शिट

*हादसे के समय पायलट कैप्टन सुमित कपूर के साथ कैप्टन सांभवी पाठक प्लेन की कमान संभाल रही थीं। क्रैश से पहले प्लेन के मेन पायलट सुमित कपूर ने मेडे कॉल नहीं किया था, लेकिन उनके साथ मौजूद कैप्टन सांभवी पाठक के आखिरी शब्द थे- ओह शिट... ओह शिट।*

### पवार की दो चीजों से हुई पहचान

*महिला चश्मदीद ने बताया कि एक शव ठीक से दिख नहीं रहा था और आधा शरीर फूला हुआ था। उन्होंने उसे कंबल में लपेटा। शुरुआत में उन्हें पता नहीं था कि यह अजित पवार हैं। दो शव एक तरफ पड़े थे और बाकी तीन शव उनमें फंसे हुए थे। उन्होंने बताया कि अजित पवार के शव को उन्होंने उनके गॉगल और घड़ी से पहचाना। इसलिए उन्होंने सबसे पहले उनका शव निकाला। यह घटना सुबह करीब 8:45 बजे हुई थी।*



| आनंद का सच्चा भाव® | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) = | ₹123431/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) = | ₹150750/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) = | ₹164558/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

# 27 लाख की कोकीन साबुन के बीच फंसाकर फ्लाइट से आया नाइजीरियन छात्र धरा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के श्री रावतपुरा सरकार विद्यालय में बैचलर ऑफ सोशल वर्क की पढ़ाई कर रहा विदेशी मूल नाइजीरिया के छात्र के कब्जे से डीआरआई ने 27 लाख रुपए कीमत की 270 ग्राम कोकीन जब्त की है। आरोपी छात्र के कब्जे से डीआरआई की टीम ने स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर बैग की तलाशी लेने के दौरान कोकीन की जब्ती की है। ▶▶|शेष पेज 6 पर



### साबुन की संख्या ज्यादा होने पर हुआ शक

पूरी तलाशी लेने के बाद भी हेनरी के पास मादक पदार्थ नहीं मिला। इस दौरान बैग की तलाशी ले रहे अफसरों को हेनरी के पास एक ही कंपनी के साबुन जो रायपुर में आसानी से उपलब्ध हो जाता, उस कंपनी के कई साबुन मिले। इस पर डीआरआई को ▶▶|शेष पेज 6 पर

**कवर्धा के एसपी ने लिखा जानबूझकर नहीं दे रहे हैं पदोन्नति**

# पदोन्नति नहीं मिली, एसपी व्यथित सीएम को लिखा पत्र, उपेक्षा का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

कबीरधाम जिले के एसपी भारतीय पुलिस सेवा 2012 बैच के अधिकारी धर्मेंद्र सिंह छवई ने विभागीय प्रमोशन प्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा है कि उन्हें जानबूझकर प्रमोशन नहीं दिया जा रहा है। एसपी ने यह बात मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लिखे एक पत्र में कही है। यह पत्र अब सार्वजनिक है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि नियमों के बावजूद उन्हें जानबूझकर पदोन्नति से वंचित किया गया। पुलिस मुख्यालय द्वारा समय-समय पर जारी की गई पदोन्नति सूचियों में उनके नाम पर विचार किया गया, लेकिन उन्हें पदोन्नति नहीं दी गई। इन सूचियों की तिथियां 10 अक्टूबर 2024, 31 दिसंबर 2024, 26 मई 2025 और 31 जुलाई 2025 बताई गई हैं। विभागीय स्तर पर उन्हें पदोन्नति से वंचित किए जाने का कारण यह बताया गया कि उनके विरुद्ध लोकायुक्त संगठन, भोपाल में जांच लंबित है। उनके मामले में न तो कोई चार्जशीट जारी हुई है और न ही उनके खिलाफ कोई विभागीय कार्यवाही चल रही है। उन्होंने पत्र में स्पष्ट किया है कि उनके विरुद्ध कोई आपराधिक प्रकरण न्यायालय में लंबित नहीं है और वे निलंबित भी नहीं हैं। इसके बावजूद उन्हें वरिष्ठ वेतनमान और उप पुलिस महानिरीक्षक (डीआईजी) के पद पर पदोन्नति से वंचित रखा गया, जो नियमों के विपरीत है।

**■ डीआईजी पद पर नहीं दे रहे हैं प्रमोशन**







## शिक्षक भर्ती 2023 में सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग

# शिक्षा मंत्री के बंगले के बाहर धरने पर बैठे डीएड अभ्यर्थी, एक की हालत बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर आमरण अनशन कर रहे डीएड अभ्यर्थियों ने गुरुवार सुबह शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के बंगले का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान एक अभ्यर्थी बेहोश होकर गिर पड़ा। उसे उपचार के लिए अभनपुर के अस्पताल ले जाया गया। बेहोश हुए अभ्यर्थी की पहचान कोरिया के मृगेन्द्र राजवाड़े के रूप में हुई। डीएड अभ्यर्थी शिक्षा मंत्री से मुलाकात कराने की मांग को लेकर सुबह 6 से शाम 4 बजे तक मंत्री बंगले के सामने डटे रहे। बाद में पुलिस प्रशासन ने उन्हें वाहन में भरकर तूता के धरना स्थल ले जाकर छोड़ा। डीएड अभ्यर्थी सहायक शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग कर रहे थे।

खास खबर

दरअसल, शिक्षक भर्ती परीक्षा 2023 में सहायक शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर प्रदेश भर के डीएड अभ्यर्थी नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर आमरण अनशन पर बैठे हैं। गुरुवार सुबह वे अपने परिजनों के साथ शिक्षा मंत्री के बंगले का घेराव करने पहुंचे। इस दौरान एक अभ्यर्थी की तबीयत खराब हो गई। वह बेहोश होकर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद उसके साथी उसे उपचार के लिए अभनपुर के अस्पताल ले गए। प्रदर्शनकारी शिक्षा मंत्री से मुलाकात करने की मांग पर अड़े रहे। सूत्रों के मुताबिक शाम 5 बजे डीएड अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल को शिक्षा मंत्री के यहां से चर्चा के लिए बुलावा आया। इसके बाद प्रदर्शनकारी पुलिस वाहन से तूता स्थित धरना स्थल ले जाए गए।





### 24 दिसंबर से कर रहे आंदोलन

अभ्यर्थी 24 दिसंबर से लगातार अपनी मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर शासन का ध्यान आकर्षित कराने आंदोलन कर रहे हैं। उनके साथ उनके परिवार वाले भी अभ्यर्थियों का हौसला बढ़ाने धरना स्थल पर चल रहे आंदोलन में सहभागी बने हैं। डीएड अभ्यर्थियों का कहना है कि शिक्षक भर्ती 2023 में सहायक शिक्षकों के पद खाली हैं, इसके बाद भी उनकी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है।

# वायरल इंफेक्शन इस बार कोरोना जैसा... चेस्ट और गले में कर रहा अटैक

**रायपुर।** बदलते मौसम में सक्रिय होने वाले इंफ्लुएंजा श्रेणी के वायरल इंफेक्शन ने इस बार कोरोना जैसा रूप धरा है। यह मौसमी वायरस चेस्ट और गले में इंफेक्शन के रूप में अटैक कर रहा है। संक्रमण थोड़ा ताकतवर भी है, जिसकी वजह से पीड़ितों को पूरी तरह ठीक होने में दस से पंद्रह दिन का वक्त भी लग रहा है। सरकारी अस्पतालों के मेडिसिन विभाग में पहुंचने वाले दस में चार मरीज इसी से पीड़ित हैं। चिकित्सकों के मुताबिक लक्षण के आधार पर मरीजों का इलाज किया जा रहा है।



इंफ्लुएंजा श्रेणी के वायरस का म्यूटेशन, दस में से चार मरीज इसी समस्या के लक्षण के आधार पर किया जा रहा इलाज, एंटीबायोटिक की पड़ रही जरूरत

मौसम के बदलाव के दौरान लोगों को बीमार करने वाला वायरस के म्यूटेशन में हर बार बदलाव होता है। इस बार यह थोड़ा-थोड़ा कोरोना जैसे लक्षण के साथ अटैक कर रहा है। चिकित्सकों के मुताबिक वायरस इस बार लोगों के चेस्ट में कफ और गले में खुजली जैसी समस्या से पीड़ित कर रहा है और मौसमी बीमारी से पीड़ित होने वाले लगभग 90 प्रतिशत लोगों को यह प्राब्लम हो रही है। इसके अलावा जुकाम और बुखार जैसी समस्या भी हो रही है। आमतौर पर इंफेक्शन बदलते मौसम में अपना असर दिखाता है और कुछ समय पर समाप्त हो जाता है। इस बार इंफेक्शन का दौर कुछ ज्यादा ही लंबा हो गया है और अस्पतालों से मौसमी बीमारी वाले मरीजों की भीड़ खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। आंबेडकर अस्पताल, जिला अस्पताल के मेडिसिन विभाग में आने वाले ज्यादातर मरीज मौसमी बीमारी से पीड़ित हैं। इनमें कई पेशेंट ऐसे भी हैं जिनकी समस्या 15 से 20 दिन बाद भी ठीक नहीं हो रही है। डाक्टरों का कहना है कि भले वायरस कोरोना जैसा रूप लिए हो, मगर इसका असर उतना घातक नहीं है।

### दवा बाजार में भी डिमांड

मौसम में बदलाव होने के बाद कफ सिरप की दवा बाजार में डिमांड पिछले महीनेभर से बढ़ी हुई है। नकली कफ सिरप का मामला सामने आने के बाद इसके उपयोग काफी दिनों तक प्रभावित रहा। इसके बाद विभागीय कार्रवाई और नामी कंपनियों द्वारा बरती जा रही सावधानी के बाद बच्चों को छोड़कर बड़े लोगों के लिए कफ सिरप का उपयोग प्रारंभ हुआ। सामान्य दिनों की तुलना में राज्य कफ सिरप की डिमांड में दस करोड़ की बढ़ोतरी हुई है।

### हर उम्र के लोग पीड़ित

चिकित्सकों के अनुसार आमतौर पर मौसमी बीमारी छोटे बच्चों को ज्यादा प्रभावित करती है। इस बार मौसमी बीमारी की समस्या से हर वर्ग के लोग पीड़ित है। वायरल इंफेक्शन की समस्या को ध्यान में रखते हुए खानपान में थोड़ी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। इसके अलावा अधिक उम्र और दूसरी तरह के गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को ऐसे दौर ज्यादा सजग रहने की जरूरत है।

### चिकित्सकों के मुताबिक

वायरल इंफेक्शन इंफ्लुएंजा श्रेणी के होते है, समय-समय पर इसका म्यूटेशन होता है। अभी मौसमी बीमारी की शिकायतें बढ़ी हुई है। बीमारी के लक्षण के आधार पर इसका इलाज किया जा रहा है। बचाव के लिए थोड़ी सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

- **डा. सुभाष मिश्रा**, पूर्व नियंत्रक, महामारी रोकथाम एवं वरिष्ठ चिकित्सक

मौसमी बीमारी इस बार कुछ लंबा खिंच रही है, ओपीडी में काफी संख्या में पीड़ित पहुंच रहे हैं। गले और चेस्ट में इंफेक्शन के साथ खांसी-बुखार जैसी समस्या हो रही है। लक्षण के आधार पर उन्हें दवा दी जा रही है।

- **डा. आरके पटेल**, विशेषज्ञ मेडिसिन विभाग, आंबेडकर अस्पताल

# रिश्वत खोर आरआई को न्यायालय ने सुनाई 4 साल के कठोर कारावास की सजा

**अम्बिकापुर।** रिश्वतखोरी के मामले में कोर्ट ने विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण ने राजस्व निरीक्षक को चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है और अर्थदंड से दंडित किया है। आरोपी को एंटी करप्शन ब्यूरो ने 8 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर जेल भेजा था। बताया जा रहा है कि शहर के कृष्णा नगर निवासी श्रीमती अर्चना खाखा ने 17 जुलाई 2020 को एक शिकायत दर्ज कराई थी कि महिला के पति राकेश खाखा ने वर्ष 2018 में ठाकुरपुर निवासी जानू आ. बंधु अगरिया से खसरा नंबर 542/12, रकबा 0.04 हेक्टेयर भूमि खरीदा था। भूमि खरीदने के बाद महिला जमीन का नक्शा काटने और रिकॉर्ड दुरुस्त करने के लिए राजस्व निरीक्षक राज बहादुर सिंह के पास गई थी। इस दौरान आरआई राज बहादुर सिंह ने नक्शा काटने व रिकार्ड दुरुस्त करने के नाम पर महिला से 10 हजार रुपए की मांग की थी लेकिन महिला रिश्वत देने के बदले आरआई को रंगे हाथों गिरफ्तार कराना चाहती थी। ऐसे में उसने घटना की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो के उप पुलिस अधीक्षक से की। शिकायत के बाद एसीबी की टीम ने शिकायत का सत्यापन कराया जिसमें आरोपी आरआई राज बहादुर सिंह ने पुनः 10 हजार रुपए लेने और उससे एक रुपए भी कम नहीं करने की बात कही। सत्यापन के बाद आरोपी महिला की जमीन नापने के लिए पहुंचा जहां उसने 10 हजार रुपए की मांग की गई लेकिन महिला ने उसे दो हजार रुपए दिया और शेष 8 हजार रुपए नक्शा काटकर दुरुस्त करने के बाद देने की बात कही। ऐसे में एंटी करप्शन ब्यूरो ने 7 अगस्त 2020 को ट्रैप कार्रवाई करते हुए पटवारी कार्यालय सह निवास फुन्दुरडिहारी में राजस्व निरीक्षक राजबहादुर सिंह को 8 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।



# ट्रैफिक का दबाव कम करने बनेगा फोरलेन बायपास

## डिप्टी सीएम साव गडकरी से मिले

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर राज्य शासन द्वारा प्रस्तावित विभिन्न सड़क परियोजनाओं को मंजूर करने का आग्रह किया। श्री गडकरी से बिलासपुर शहर में यातायात का दबाव कम करने बायपास निर्माण, रायपुर और बिलासपुर के बीच भारतमाला परियोजना के अंतर्गत रायपुर (आरंग) से बिलासपुर (दर्री) तक 6-लेन मार्ग की मंजूरी तथा मुंबई-नागपुर समृद्धि मार्ग का विस्तार रायपुर तक करने का अनुरोध किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ में 13 राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन के साथ ही 8 सड़कों को नवीन राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का भी आग्रह किया। श्री साव ने मुलाकात के दौरान केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को अवगत कराया कि बिलासपुर शहर में लगातार बढ़ती आबादी और वाहनों के कारण यातायात का काफी दबाव है, जिससे निरंतर जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके समाधान के लिए राज्य शासन के प्रस्ताव के अनुसार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के माध्यम से शहर के बाहर से होकर उच्च न्यायालय बोदरी से संेदरी तक करीब 32 किमी लंबा फोरलेन बायपास स्वीकृत करने का अनुरोध किया। बायपास बिलासपुर के प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर और लॉजिस्टिक पार्क को रायपुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। यातायात के दबाव को प्रभावी तरीके से कम करते हुए औद्योगिक विकास संचार तंत्र एवं नियोजित



शहरी विस्तार को बढ़ावा देगा। श्री साव ने राज्य के उत्तरी हिस्से में कोल माइन्स एवं दक्षिणी हिस्से में आयरन माइन्स को देखते हुए औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाने, कोयला एवं लौह अयस्क के परिवहन, स्टील व सीमेंट उत्पाद को बाहर भेजने तथा प्रदेशवासियों के सुचारू आवागमन के लिए मुंबई-नागपुर समृद्धि मार्ग को ग्रीन फील्ड सड़क के रूप में रायपुर तक विस्तारित करने का आग्रह किया। रायपुर-नागपुर-मुंबई एक्सेस कंट्रोल 8-लेन कनेक्टीविटी से राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। श्री साव ने श्री गडकरी से भारतमाला परियोजना के अंतर्गत रायपुर के आरंग से बिलासपुर के दर्री तक लगभग 95 किमी 6-लेन मार्ग के निर्माण की मंजूरी प्रदान करने का अनुरोध किया। वर्तमान में रायपुर से बिलासपुर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग जुड़ा हुआ है, किंतु एक्सेस कंट्रोल नहीं होने के कारण राज्य की तीनों भारतमाला परियोजनाओं के बीच सीधा संपर्क नहीं हो पा रहा है। आरंग-दर्री मार्ग के निर्माण से रायपुर से बिलासपुर की दूरी एक घंटे में तय होगी तथा तीनों भारतमाला सड़कों के आपस में जुड़ जाने से सीधा संपर्क होगा, जिससे सभी तरह के परिवहन में समय, धन और ऊर्जा की बचत होगी।

## 23 निर्माण कार्यों के प्रस्ताव के लिए मांडविया से मिले

उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से मुलाकात कर राज्य में खेलों के प्रशिक्षण तथा खेल अधोसंरचना को मजबूत करने राज्य शासन के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने केन्द्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मांडविया को अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खेलो इंडिया योजनांतर्गत कुल 23 अधोसंरचनाओं के निर्माण कार्यों के प्रस्ताव मंत्रालय को भेजे गए हैं। उन्होंने इनकी स्वीकृति का आग्रह किया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने डॉ. मांडविया से राज्य शासन के प्रस्ताव के अनुसार भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय केन्द्र, नेशनल सेंटर ऑफ एक्सिलेंस प्रारंभ करने, लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान ग्वालियर के क्षेत्रीय केन्द्र, खेलो इंडिया एक्सिलेंस सेंटर बिलासपुर में दो अतिरिक्त खेलों की स्वीकृति तथा रायपुर में टेनिस की खेलो इंडिया एक्सिलेंस सेंटर भी स्वीकृत करने का अनुरोध किया। श्री साव ने केन्द्रीय मंत्री डॉ. मांडविया को बताया कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में विशेष रूप से प्रतिभा विद्यमान है। राज्य में वर्तमान कोचिंग और खेल विज्ञान अधोसंरचना राष्ट्रीय मानकों से नीचे है, जिनकी वजह से खिलाड़ियों के व्यवस्थित विकास के अवसर सीमित हो जाते हैं। छत्तीसगढ़ सरकार राज्य एवं जिला स्तर के खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ ही ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध कराना चाहती है। राज्य शासन ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स इत्यादि के लिए भी उच्च स्तरीय एथलीट तैयार करने के लिए प्रयासरत है। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण संस्थाओं से राज्य के खिलाड़ी एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, बैडमिन्टन, वेटलिफ्टिंग, क्याकिंग कैनाईंग, बास्केटबॉल, वालीबॉल जैसे खेलों का सुव्यवस्थित और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण हासिल कर सकेंगे।



बिलासपुर
गुरुवार 29 जनवरी 2026
माघ शुक्ल पक्ष एकादशी
वर्ष : 25, अंक : 307
पृष्ठ : 10+8 = 18 मूल्य : 5.00***


मौसम
अधि. 30.0
न्यून. 16.1

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 रयबाकिना और पेगुला का...

विचार पेज
2 राजनीति के अनुभवी स्तंभ थे अजित पवार




# 20 बेड के पीछे तीन एमबीबीएस डॉक्टर अनिवार्य, तभी आयुष्मान के लिए मान्यता, उड़े छोटे अस्पतालों के होश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

आयुष्मान योजना के पंजीयन और उपचार व्यवस्था में पारदर्शिता लाने बनाए गए नए विभागीय पोर्टल ने छोटे और मध्यम आकार वाले निजी अस्पताल की नींद उड़ा दी है। नए नियम में बीस बेड के पीछे तीन एमबीबीएस डाक्टरों की नियुक्ति अनिवार्य की गई है। अस्पताल चलाने का खर्च ज्यादा और आय कम होने का हवाला देते हुए डाक्टरों की व्यवस्था को मुश्किल बताया जा रहा है। इसके साथ ही सर्जन सहित ▶▶|शेष पेज 6 पर

### 31 जनवरी तक देनी है जानकारी

इस हास्पिटल इंपैनलमेंट मॉडयूल (हेम 2.0) पोर्टल में निजी हास्पिटलों को 31 जनवरी तक जानकारी देना अनिवार्य किया गया है। इस जानकारी के आधार पर आयुष्मान सहित अन्य स्वास्थ्य योजना के लिए पात्र हास्पिटलों को सूचीबद्ध किया जाएगा। सरकारी स्तर पर दावा किया जा रहा है कि इससे हास्पिटलों द्वारा की जाने वाली मनमानी पर रोक लगेगी और लोगों को स्वास्थ्य संबंधी पूरी सुविधा मिल सकेगी।

### खास बातें

- अस्पताल चलाने का खर्च ज्यादा आय कम, तीन डाक्टरों की व्यवस्था हो रही मुश्किल
- नए विभागीय पोर्टल में सर्जनों के लिए भी बंधन, तीन अस्पतालों से ज्यादा में अटैच बंद




### लंबित भुगतान भी कर रहा प्रभावित

आयुष्मान योजना के लंबित भुगतान का असर अब मरीजों के उपचार पर नजर आ रहा है। हास्पिटल मरीजों को सीधे इंकार तो नहीं कर रहे हैं मगर उन्हें अलग-अलग बहानों से सीधे भुगतान के आधार पर इलाज कराने के लिए मनाने का प्रयास किया जा रहा है। बकाया करीब 6 सौ करोड़ देने के लिए आईएमए सहित विभिन्न संगठन चेतावनी भी जारी कर चुके हैं।

### चिंता जाहिर की जा चुकी

नए पोर्टल के नए नियम का पालन करना काफी कठिन है। 20 बिस्तर के अस्पतालों में 3 एमबीबीएस डाक्टर की उपलब्धता अव्यवहारिक है। पिछले दिनों बैठक में इस चिंता जाहिर करने के साथ इसके निराकरण की मांग शासन से की गई है।

- डा. सुरेन्द्र शुक्ला, अध्यक्ष, हास्पिटल बोर्ड, आईएमए

### योजना का आकार छोटा करने का प्रयास

छत्तीसगढ़ में आयुष्मान योजना के छोटे और मध्यम आकार के अस्पताल संचालकों में हेम पोर्टल के अनिवार्य बिंदुओं को लेकर रोष है। अस्पतालों को स्वास्थ्य विभाग में अत्यधिक वित्तीय भार के कारण योजना का आकार छोटा करने और योजना से बाहर करने का प्रयत्न प्रतीत होता है।

- डा. राकेश गुप्ता, अध्यक्ष, एएचपीआई

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### रेल अफसरों को सोने की परत वाले पदक नहीं




**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों को सोने की परत चढ़े चांदी का पदक देने की परंपरा बंद कर दी है। रेल मंत्रालय द्वारा सभी क्षेत्रीय रेलवे और उत्पादन इकाइयों के प्रमुखों को संबोधित एक परिपत्र में कहा गया है, सेवानिवृत्त होने वाले रेलवे अधिकारियों को सोने की परत चढ़ा रजत पदक प्रदान करने की प्रथा बंद की जा रही है।

### ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, पिता-पुत्र की मौत

**सतना।** मप्र के सतना जिले में तेज गति से गुजर रहे एक ट्रक ने कथित तौर पर एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे उसपर सवार पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान टेढगवां हाल निवासी शंखधर केवट (35) और उनके सात वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ केवट के रूप में हुई है। दोनों पिता-पुत्र खेत से मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर के लिए निकले थे तभी कृपालपुर-मटेहना के बीच पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी।

### श्रीनगर हवाई अड्डे पर उड़ानों का संचालन बहाल



**श्रीनगर।** कश्मीर में बर्फबारी के कारण सभी उड़ानें रद्द होने के एक दिन बाद बुधवार को श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से विमानों का संचालन बहाल कर दिया गया। एएआई के अधिकारी ने कहा, पहली उड़ान सुबह नौ बजकर 25 मिनट पर उतरी। यदि मौसम अनुकूल रहा तो दिन भर सामान्य संचालन बना रह सकता है।

### रक्षाकर्मी के घर से 4.4 लाख के आभूषण चोरी

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में एक रक्षाकर्मी के घर से अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर 4.4 लाख रुपए मूल्य के सोने के आभूषण चोरी कर लिए। यह घटना रविवार शाम को दापोडी इलाके में स्थित रक्षा संस्थान के परिसर के एक मकान में हुई, जब उस मकान में रहने वाला परिवार फिल्म देखने के लिए बाहर गया हुआ था। दापोडी थाने के एक अधिकारी ने कहा, अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और 4.4 लाख रुपये के सोने के गहने चुरा लिए।

### बजट सत्र का आगाज, कल पेश होगा आर्थिक सर्वेक्षण, 1 को आम बजट

# अभिभाषण के बीच हंगामा, जी राम जी कानून का जिक्र होते ही भड़का विपक्ष

*संसद का बजट सत्र बुधवार से शुरू हो गया। यह सत्र 2 अप्रैल 2026 तक चलेगा और दो चरणों में विभाजित होगा। सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से हुई। अभिभाषण के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म ने विकसित भारत-जी राम जी कानून का भी जिक्र किया। इस दौरान विपक्षी पार्टियां भड़क गईं और नारेबाजी करने लगीं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों और विकास के लिए विकसित भारत-जी राम जी कानून बनाया गया है। राष्ट्रपति के इतना कहते ही विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। हालांकि, इस दौरान एनडीए समर्थकों ने मेज थपथपाकर अभिभाषण का समर्थन किया। विपक्षी सांसद इस दौरान वापस लो, वापस लो, ये कानून वापस लो जैसे नारे लगाते रहे। हालांकि, कुछ मिनटों तक नारेबाजी करने के बाद विपक्षी सांसद शांत हो गए और राष्ट्रपति का अभिभाषण जारी रहा। ▶▶|शेष पेज 6 पर

- दो अप्रैल तक दो चरणों में चलेगा संसद सत्र
- सरकार द्वारा लाए जाने वाले कई बिलों पर चर्चा की संभावना

### ऑपरेशन सिंदूर में विश्व ने देखा सेना का शौर्य

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विश्व ने भारतीय सेना का शौर्य और पराक्रम देखा जब देश ने अपने संसाधनों के बल पर आतंकियों के अड्डों को ध्वस्त कर दिया। सरकार ने कड़ा संदेश दिया कि भारत पर किसी भी आतंकी हमले का जवाब दृढ़ और निर्णायक होगा।

### राष्ट्रपति ने कही यह बात

- भारत को आत्मविश्वास और तैयारियों के कारण मिली 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी
- सरकार सभी वर्गों के लिए समानता और सामाजिक न्याय के वास्ते काम कर रही
- सरकार गरीबों, मध्यम वर्ग के लिए 'सुधार एक्सप्रेस' पर, जीएसटी से एक लाख करोड़ रुपए की बचत



### माओवादी आतंक पर निर्णायक कार्रवाई

अभिभाषण में मुर्मू ने कहा कि सरकार की नीतियों के अनुरूप सुरक्षाबलों ने माओवादी आतंक पर भी निर्णायक कार्रवाई की है। माओवादी आतंक की चुनौती 126 जिलों से घटकर आठ जिलों तक सिमट गई है, जिनमें भी 3 जिले ही ऐसे हैं, जो गंभीर रूप से प्रभावित हैं। केंद्र सरकार सच्चे सामाजिक न्याय के लिए समर्पित है तथा 'सबका साथ, सबका विकास' का दृष्टिकोण हर नागरिक के जीवन में बदलाव ला रहा है।

### सरकार ने मांगा सहयोग

सेशन का पहला हिस्सा मुख्य रूप से 2026-27 के यूनियन बजट से जुड़े फाइनेंशियल कामकाज और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के लिए होगा। जरूरी विधायी और दूसरे कामकाज मुख्य रूप से सेशन के दूसरे हिस्से में किए जाने की उम्मीद है। इससे पहले मंगलवार को सरकार ने संसद के बजट सत्र से पहले एक सर्वदलीय बैठक बुलाई थी।

### ढाई घंटे जांच के बाद स्थिति हुई सामान्य

# छत्तीसगढ़ में कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/ राजनांदगांव/ धमतरी/ अंबिकापुर



छत्तीसगढ़ के कई जिला न्यायालयों को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल से कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया। सभी मेल कोर्ट के आधिकारिक ई-मेल आईडी पर भेजा गया था। कोर्ट में कामकाज शुरू होने के बाद कोर्ट के कंप्यूटर सेक्शन के कर्मचारियों ने मेल देखा, जिसके बाद इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई। इसके बाद एसपी समेत बम व डॉग स्क्वॉड की टीम ने लगभग ढाई घंटे तक चप्पे चप्पे की जांच की, जब कुछ नहीं मिला तो सभी ने राहत की सांस ली। राजनांदगांव में जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की 20 दिन के भीतर यहां दूसरी धमकी थी, जो ई-मेल के माध्यम से प्राप्त हुई है। इससे पहले 8 जनवरी को भी इसी तरह का ई-मेल न्यायालय परिसर को ▶▶|शेष पेज 6 पर

- एसपी की मौजूदगी में बम व डॉग स्क्वॉड ने चप्पे चप्पे की हुई जांच

### तड़के भेजा गया था धमकी भरा ई मेल

गौरतलब है कि इससे पूर्व भी न्यायालयों को इस तरह के धमकी भरे ई-मेल मिल चुके हैं। ▶▶|शेष पेज 5 पर

### परिसर की जांच

लगभग 11 बजे हमें जिला न्यायालय को मिले धमकी भरे ई-मेल भेजे जाने की सूचना मिली थी, जिसके बाद पूरे कोर्ट परिसर को सील कर दिया गया। बम निरोधक दस्ता व डॉग स्क्वॉड के साथ पूरे परिसर की जांच की गई। जांच उपरांत कुछ नहीं मिलने के बाद लगभग डेढ़ बजे कोर्ट परिसर को खोल दिया गया।

- शलभ कुमार सिन्हा, एसपी, बस्तर



### पक्षकारों की पेशी आगे बढ़ा दी गई

धमकी भरे ई-मेल मिलने के बाद बुधवार को कोर्ट में पेशी के लिए व अन्य न्यायालयीन काम से दर्जनों की संख्या में पक्षकार पहुंचे थे। पक्षकारों के खिलाफ किसी तरह का वारंट नहीं निकले और उन्हे परेशानी ▶▶|शेष पेज 6 पर

### बिना स्नान किए लौटे काशी

# 'भारी मन' के साथ माघ मेला से विदा हुए स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद



एजेंसी ▶▶| प्रयागराज/लखनऊ

माघ मेले में मौनी अमावस्या पर प्रशासन द्वारा कथित तौर पर स्नान करने से रोकने के बाद शंकराचार्य शिविर के बाहर धरने पर बैठे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती बुधवार को भारी मन से मेले से विदा हो गए। माघ मेले से प्रस्थान से पूर्व सरस्वती ने कहा, आज शब्द साथ नहीं दे रहे हैं और स्वर बोझिल हैं। प्रयाग की इस पवित्र धरती पर हम आध्यात्मिक शांति की कामना लेकर आते हैं, लेकिन आज यहां से एक ऐसी रिक्तता और भारी मन लेकर लौटना पड़ रहा है जिसकी कल्पना हमने कभी नहीं की थी। उन्होंने कहा, प्रयाग में जो कुछ भी घटित हुआ, उसने ना केवल हमारी आत्मा को झकझोरा है, बल्कि न्याय और मानवता के प्रति हमारे सामूहिक विश्वास पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

### क्या है मामला

उल्लेखनीय है कि मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पालकी पर सवार होकर स्नान के लिए संगम जा रहे थे। अत्यधिक भीड़ होने के कारण प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने उन्हें पालकी से उतरकर स्नान के लिए जाने को कहा, जिसको लेकर विवाद खड़ा हो गया। मेला प्रशासन ने आरोप लगाया था कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके समर्थक पांटून पुल का बैरियर तोड़कर घाट की तरफ बढ़े। इससे पुलिस प्रशासन को व्यवस्था में संभालने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस घटना के बाद से सरस्वती और पुलिस प्रशासन के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर चला और वह माघ मेले में स्नान किए बगैर बुधवार को प्रस्थान कर गए।

### अखिलेश ने भाजपा पर बोला तीखा हमला

यूपी के पूर्व सीएम और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए सत्तारूढ़ दल पर सदियों पुरानी सनातन परंपराओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया। शंकराचार्य के स्नान किए बिना माघ मेले से चले जाने को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने 'अत्यंत अनिष्टकारी घटना' बताया। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, भाजपा के दंभ ने अनादिकाल से चली आ रही सनातनी परंपरा को तोड़ दिया है।

### अभी पुराने एसपी दफ्तर से हो रहा है संचालन

# नवा रायपुर में होगा रायपुर ग्रामीण एसपी का दफ्तर, एनआरडीए देगा जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर के नगरीय क्षेत्रों में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू होने के साथ ही रायपुर जिला पुलिस का विभाजन दो हिस्सों में हो गया है। इसके साथ ही अब पुराने रायपुर शहर में पुलिस कमिश्नरी का कार्यालय अस्तित्व में आ गया है, लेकिन रायपुर ग्रामीण एसपी के लिए दफ्तर अब तक तय नहीं हो पाया है। सूत्रों के अनुसार यह दफ्तर नवा रायपुर अटल नगर में शुरू हो सकता है। इसके लिए नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण ▶▶|शेष पेज 6 पर

- ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जाना होगा नवा रायपुर





### पुराने कार्यालय से शुरू हुआ कामकाज

कमिश्नरी बनने के बाद रायपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के रूप में आईपीएस श्वेता सिन्हा श्रीवास्तव पदस्थ हुई हैं। उन्होंने अपना नया कार्यभार ग्रहण कर कामकाज शुरू कर दिया है। वे फिलहाल रायपुर के पुराने एसपी कार्यालय में बैठ रही हैं, वहीं से उन्होंने कामकाज शुरू कर दिया है। दरअसल कमिश्नरी बनने और कार्यक्षेत्र का विभाजन होने ▶▶|शेष पेज 6 पर

### ईडी ने अनिल अंबानी पर कसा शिकंजा

# रिलायंस समूह की 1,800 करोड़ की संपत्तियां कुर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को कहा कि उसने रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी की कंपनियों के खिलाफ जारी धनशोधन जांच के तहत 1,800 करोड़ रुपए से अधिक की नयी संपत्तियों को कुर्क किया है। इस ताजा कार्रवाई के साथ ही इस मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा कुर्क की गई।

### मकान, शेयर समेत 1885 करोड़ की संपत्ति

ईडी ने बताया कि कंपनी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी अंगराई सेथुरमन के नाम पर स्थित एक आवासीय मकान और एक अन्य वरिष्ठ कर्मचारी पुनीत गर्ग की पत्नी के शेयर और म्यूचुअल फंड भी कुर्क कर लिए गए हैं।

### वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ऐतिहासिक अनुष्ठान

# भगवान बालाजी के श्रीचरणों में एक किलो वजनी स्वर्ण कलश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बालाजी मंदिर के रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत तीसरे दिन गुरुवार को आस्था, भक्ति और वैदिक परंपराओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रातः नित्य आराधना एवं विशेष हवन के साथ पूजा विधान का शुभारंभ हुआ। आंध्र प्रदेश से पधारे वैदिक पंडितों के सानिध्य में भक्तों द्वारा अर्पित स्वर्ण कलश को विधिवत मंत्रोच्चार के साथ भगवान बालाजी के श्रीचरणों में समर्पित किया गया। बताया जा रहा है कि स्वर्ण कलश का वजन लगभग 1 किलोग्राम और ▶▶|शेष पेज 6 पर

- आज होगा महाअभिषेक, रात में सजेगा श्रीनिवास कल्याणम् का दिव्य उत्सव

### देर रात तक चलेगा श्रीनिवास कल्याणम् का भव्य विधान



रजत जयंती महोत्सव के तहत गुरुवार रात्रि को विशेष धार्मिक विधान "श्रीनिवास कल्याणम्" का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भगवान बालाजी के विवाह उत्सव का मंचन किया जाएगा, जिसमें वर-वधु संवाद, मंगलाचार और पारंपरिक रस्मों का सजीव चित्रण होगा। ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजे के साथ भगवान की भव्य बारात भी निकाली जाएगी। रजत जयंती महोत्सव के पांचवें दिन शुक्रवार को प्रातः नित्य आराधना एवं विशेष हवन के पश्चात सुबह 10 बजे से महिलाओं के लिए विशेष कुमकुम पूजा का आयोजन किया जाएगा।

### दूषित पेयजल से एक और मौत, अब तक 29वीं

**इंदौर।** इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में 62 वर्षीय व्यक्ति की मौत के बाद उसके परिजनों ने कहा कि उसे दूषित पेयजल से फैले उल्टी-दस्त के प्रकोप के कारण जान गंवानी पड़ी है। ताजा मामले को मिलाकर स्थानीय लोगों ने महीना भर पहले फैले इस प्रकोप में अब तक कुल 29 लोगों की मौत का दावा किया है। हालांकि, इंदौर पीठ में 27 जनवरी को राज्य सरकार की पेश 'डेथ ऑडिट' रिपोर्ट में संभावना जताई गई है कि भागीरथपुरा में 16 लोगों की मौत का संबंध इस इलाके में दूषित पेयजल के कारण फैले उल्टी-दस्त के प्रकोप से हो सकता है। भागीरथपुरा में रहने वाले खूबचंद बंधैया (62) ने उल्टी-दस्त के इलाज के दौरान अपने घर में मंगलवार को आखिरी सांस ली।

## चिंतन

# पवार हादसा और वीवीआईपी हवाई सुरक्षा पर उठते सवाल

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की विमान दुर्घटना में मृत्यु केवल एक व्यक्ति की असमय विदाई नहीं है, बल्कि यह उस व्यवस्था पर कठोर प्रश्नचिह्न है, जो वीवीआईपी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताती है पर व्यवहार में बार-बार असफल होती दिखाई देती है। बारामती में लैंडिंग के दौरान हुआ यह हादसा, जिसमें पवार सहित पांच लोगों की जान चली गई। देश के लिए एक गंभीर चेतावनी है कि तकनीक, नियम और निगरानी के बीच कहीं गंभीर चूक है, जो वीवीआईपी समेत आमजन पर भी भारी पड़ती है। प्रारंभिक तथ्यों के अनुसार, विमान ने लैंडिंग की पहली कोशिश असफल होने पर दोबारा उतरने का प्रयास किया। दूसरी कोशिश में विमान रनवे से पहले ही गिर पड़ा और आग लग गई। न आपात संकेत भेजा गया, न 'मेडे' कॉल। तकनीकी खराबी और लैंडिंग गियर की समस्या की आशंका जताई जा रही है। फिर भी, यह प्रश्न अभी से उठ खड़ा हुआ है कि क्या वीवीआईपी उड़ानों में जोखिम-प्रबंधन उतना सुदृढ़ है, जितना दावा किया जाता है। यह हादसा किसी एक क्षण की गलती का परिणाम हो सकता है पर इसके पीछे की पृष्ठभूमि लंबी है। छोटे हवाई अड्डों की सीमित संरचना, निजी चार्टर सेवाओं की निगरानी, मौसम और नेविगेशन सूचना की गुणवत्ता और सबसे अहम, निर्णय लेने की प्रक्रिया में दबावों की भूमिका। जब उड़ानें समय-सारिणी और राजनीतिक कार्यक्रमों से बंध जाती हैं तो क्या सुरक्षा के निर्णयों पर अनकहा दबाव बनता है? यह पहली बार नहीं है, जब भारत ने विमान हादसों में अपने नेतृत्व को खोया है। अजित पवार की दुर्घटना हमें उन पुराने जख्मों की याद दिलाती है, जो समय के साथ भी भरे नहीं हैं। संजय गांधी, माधवराव सिंधिया, जी.एम.सी. बालयोगी, वाई.एस. राजशेखर रेड्डी, सीडीएस बिपिन रावत, होमी जहांगीर भाभा, विजय रूपाणी और ओपी जिंदल व चौधरी सुरेंद्र सिंह जैसे नाम केवल व्यक्ति नहीं, संस्थागत क्षति के प्रतीक थे। हर बार शोक व्यक्त हुआ, जांच बैठी, रिपोर्टें आईं पर क्या व्यवस्थागत सुधार स्थायी रूप से लागू हुए? यदि होते, तो ऐसी घटनाएं बार-बार क्यों दोहरातीं? यह केवल तकनीकी मुद्दा नहीं, बल्कि प्रशासनिक इच्छाशक्ति, जवाबदेही और पारदर्शिता का प्रश्न है। लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों का जीवन निजी नहीं होता। उनका अस्तित्व शासन की निरंतरता, नीति-निर्माण और सार्वजनिक हित से जुड़ा होता है, इसलिए उनकी सुरक्षा को भावनात्मक सहानुभूति के बजाय संस्थागत जिम्मेदारी के रूप में देखना होगा। वीवीआईपी उड़ानों के लिए स्वतंत्र और नियमित सुरक्षा ऑडिट, पायलट के निर्णय की पूर्ण स्वायत्तता, आधुनिक नेविगेशन और लैंडिंग सहायता प्रणालियों की अनिवार्यता ये अब विकल्प नहीं, आवश्यक शर्तें हैं। विशेषकर छोटे हवाई अड्डों पर संरचनात्मक मानकों की समीक्षा जरूरी है। रनवे की दृश्यता, ग्राउंड-सपोर्ट सिस्टम, मौसम-डेटा की रियल-टाइम उपलब्धता और आपात प्रतिक्रिया की तैयारी इन सब पर समान रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए। निजी चार्टर कंपनियों पर भी वही सख्त नियम लागू होने चाहिए जो वाणिज्यिक उड़ानों पर होते हैं और उल्लंघन पर दंड केवल कागज़ी न रहकर वास्तविक और प्रभावी होना चाहिए। नागर विमानन मंत्रालय को एक व्यापक 'नेशनल वीवीआईपी एयर सेफ्टी पॉलिसी' लागू करनी चाहिए। सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि इस त्रासदी से व्यवस्था बदलें, ताकि भविष्य में कोई उड़ान, कोई जीवन और कोई जिम्मेदारी इस तरह अधर में न रहे।



नमन

नृपेन्द्र अभिषेक नृप

अजित पवार, जो दशकों से महाराष्ट्र की राजनीति के एक मजबूत स्तम्भ रहे हैं, विमान लैंडिंग हादसे का शिकार हो गए। उनकी पहचान केवल एक राजनेता के तौर पर नहीं थी, बल्कि वे एक ऐसे नेता थे जिन्हें जनता ने 'दादा' कहकर सम्मान दिया। इस संबोधन में एक भावनात्मक जुड़ाव झलकता था- एक ऐसा सम्मान जो वे वर्षों के जन समर्थन, बातचीत और कार्यों के कारण अर्जित कर पाए थे। उनकी कार्यशैली तेज, निर्णायक और प्रभावशाली रही। वे हमेशा जनता के बीच संवाद बनाए रखने में विश्वास रखते थे। पवार का अचानक और अप्रत्याशित निधन न केवल एक नेता की मृत्यु है, बल्कि महाराष्ट्र राजनीति के एक अद्वितीय अध्याय का अंत भी है।

# राजनीति के अनुभवी स्तंभ थे अजित पवार

बुधवार की सुबह, जब महाराष्ट्र की राजनीति नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने वाली थी, एक ऐसी खबर ने सबको हैरान कर दिया जिसकी किसी ने भी कल्पना नहीं की थी। अजित पवार, जो दशकों से महाराष्ट्र की राजनीति के एक मजबूत स्तम्भ रहे हैं, अपने निजी विमान से बारामती की ओर जा रहे थे, तब उनका विमान लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पवार सहित सभी सवारों को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया। प्रारंभिक अधिकारियों के अनुसार लैंडिंग की प्रक्रिया के दौरान विमान संतुलन खो बैठा और रनवे के पास ही जोरदार टक्कर के साथ क्रैश लैंड हो गया, जिससे यह भयावह दृश्य बना।

यह दुर्घटना राज्य के लिए एक बड़ा सदमा है, जिसने राजनीतिक, प्रशासनिक और जनता के सामूहिक मन को झकझोर दिया है। अजित अनंतराव पवार का जन्म 22 जुलाई 1959 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के देओलाली प्रवरा में हुआ था। वह एक राजनीतिक परिवार से थे, जिनके चाचा शरद पवार भारतीय राजनीति के अग्रणी नेतृत्व रहे हैं। युवा अवस्था से ही उन्होंने राजनीति में रुचि विकसित की और समाज सेवा तथा संगठनवाद में सक्रिय भूमिका निभाई। उनका राजनीतिक सफ़र सहकारी आंदोलन से शुरू हुआ। 1982 से उन्होंने स्थानीय और ग्रामीण राजनीतिक कार्यों में भाग लिया और जल्दी ही अपने तेज़ संगठनात्मक कौशल के कारण लोकप्रिय हो गए। 1991 में उन्होंने बारामती विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की, जिसके बाद वे महाराष्ट्र राजनीति के केंद्र में आ गए। उनकी राजनीतिक यात्रा केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं थी। उन्होंने पुणे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष के रूप में 16 वर्ष तक काम किया, जहां से उन्हें ग्रामीण और सहकारी क्षेत्रों में व्यापक समर्थन मिला। इससे उन्हें महाराष्ट्र की राजनीति के सबसे मजबूत नेताओं में से एक बनाया गया। वह बारामती निर्वाचन क्षेत्र से कई बार लगातार विधायक चुने गए और विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों जैसे कृषि, बागवानी, बिजली, जल संसाधन और वित्त एवं योजना मंत्रालयों का नेतृत्व किया। विशेष रूप से जल संसाधन विभाग में उन्होंने कृष्णा घाटी तथा कोकण सिंचाई जैसी परियोजनाओं पर काम किया, जिससे कृषि आधारित समुदायों को व्यापक लाभ हुआ। अजित पवार ने महाराष्ट्र की राजनीति में एक अनूठा योगदान दिया। उन्होंने 2000 के दशक की शुरुआत से राज्य के शासन में कई महत्वपूर्ण पद संभाले और विविध सरकारों में अपना स्थान बनाए रखा। 2010 में उन्हें पहली बार उपमुख्यमंत्री का पद प्राप्त हुआ, लेकिन 2013 में सिंचाई घोटाले के आरोपों के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। हालांकि बाद में क्लीन चिट मिलने के बाद वे फिर से पद पर लौट आए, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि राजनीतिक चुनौतियों ने भी उनके सामर्थ्य को कम नहीं किया। आज वह महाराष्ट्र के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले उपमुख्यमंत्रियों में से एक माने जाते थे, और उनके प्रशासनिक कौशल तथा संगठन शक्ति की वजह से उन्हें विशेष सम्मान मिला। उनके योगदान ने कई योजनाओं और नीतियों को आकार दिया, जिससे राज्य के विकास की दिशा प्रभावित हुई।

राजनीति में किसी भी नेता का सफ़र विवादों से मुक्त नहीं रहता और पवार भी इससे अछूते नहीं थे। 2013 में



दिया गया एक विवादित बयान जब आलोचना की भेंट चढ़ा, तब उन्हें माफी मांगनी पड़ी थी। इसके अलावा 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को धमकाने के आरोप भी लगे। समय समय पर भ्रष्टाचार तथा पद दुरुपयोग के मुद्दों ने भी उनके राजनीतिक जीवन को जटिल बना दिया। लवासा लेक सिटी जैसी परियोजनाओं में कथित मदद के आरोपों ने भी उनके व्यवहार को लेकर सुर्खियां बनाई। इन विवादों के बावजूद उनका जन समर्थन और राजनीतिक प्रभाव कम नहीं हुआ, बल्कि उनके प्रशंसकों का मानना रहा कि प्रशासनिक क्षमता तथा संगठनात्मक कौशल ने उनके विवादों को परास्त किया। उनकी राजनीतिक छवि अक्सर विरोधाभासी रही, जहां एक ओर आलोचक उन्हें कठोर राजनीतिक प्रक्रियाओं में शामिल मानते थे, वहीं समर्थक उन्हें एक कुशल, अनुभवी और लोक सम्मानित नेता के रूप में देखते थे। इसी विरोधाभासी छवि ने उन्हें महाराष्ट्र राजनीति का एक मजबूत स्तम्भ बनाया। अजित पवार की पहचान केवल एक राजनेता के तौर पर नहीं थी, बल्कि वे एक ऐसे नेता थे जिन्हें जनता ने "दादा" कहकर सम्मान दिया। इस संबोधन में एक भावनात्मक जुड़ाव झलकता था- एक ऐसा सम्मान जो वे वर्षों के जन समर्थन, बातचीत और कार्यों के कारण अर्जित कर पाए थे। उनकी कार्यशैली तेज़, निर्णायक और प्रभावशाली रही। वे हमेशा जनता के बीच संवाद बनाए रखने में विश्वास रखते थे। बारामती और उसके आसपास के क्षेत्रों में उन्होंने जल कृषि, आधारभूत संरचना, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में निवेश के माध्यम से उन समुदायों को सीधे रूप से लाभ पहुंचाया। उनके नेतृत्व में कई योजनाएं और बजट पर निर्णय महाराष्ट्र की आर्थिक दिशा में स्थिरता और विकास का आधार बने। उनका नाम कई बार राज्य के बजट तैयार करने वाले नेता के रूप में भी सामने आया, क्योंकि उन्होंने वित्तीय मामलों में गहरी समझ और विस्तृत बारीकी दिखाई। अजित पवार महाराष्ट्र के उन नेताओं में थे जिन्होंने राजनीतिक स्थिरता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जब जब भी गठबंधन सरकारों के बीच सत्ता के समीकरण बदलते, पवार अपनी समझदार रणनीतियों के कारण राजनीतिक निर्णयों पर असर डालते रहे। उनकी राजनीतिक सूझ बूझ ने अक्सर नीतिगत दिशा को प्रभावित किया, और कई बार गठबंधन निर्णय उनके प्रभाव के बिना सम्भव नहीं थे। यह अकेला कोई कार्य नहीं था, बल्कि एक ऐसी राजनीतिक कला थी, जिसमें उन्होंने संगठन शक्ति, कौशल और प्रशासनिक अनुभव को शासकीय निर्णयों के साथ जोड़कर एक संगठित राजनीति की मिसाल पेश की। कई विश्लेषक मानते हैं कि उनके अनुभव की वजह से शासन प्रशासन में संतुलन बन रहा था और निर्णय लेने में उनकी भूमिका निर्णायक थी।

आज पवार के अचानक निधन के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में एक विशाल खालीपन महसूस किया जा रहा है। एक ऐसा नेता जिसने न केवल राजनीतिक मशीनरी को समझा, बल्कि उसे दिशाहीन समयों में भी मजबूती से थामा, अब नहीं रहे। उनकी मौत से यह स्पष्ट होता है कि राजनीति केवल पदों और शक्ति का नाम नहीं है; यह एक जन सम्बंध, प्रशासन क्षमता, दूरदर्शिता और संघर्ष का मिश्रण है। पवार ने इन सभी चरित्रों को अपने जीवन में बख़ूबी अपनाया और महाराष्ट्र की राजनीति के इतिहास में अपनी एक स्थायी पहचान बनाई। आज वे नहीं हैं, पर उनकी याद, चर्चा और उनके कार्यों का प्रभाव लंबे समय तक राजनीति के परिदृश्य पर देखा जाएगा। अजित पवार का अचानक और अप्रत्याशित निधन न केवल एक नेता की मृत्यु है, बल्कि महाराष्ट्र राजनीति के एक अद्वितीय अध्याय का अंत भी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी



# विकास केंद्रित रणनीतिक बजट की उम्मीद

इन दिनों पूरे देश की निगाहें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा एक फरवरी को प्रस्तुत किए जाने वाले बजट की ओर लगी हुई है। सीतारमण का यह नौवां बजट होगा। उम्मीद की जा रही है कि इस बजट में जहां भारत के यूरोपीय संघ (ईयू) सहित विभिन्न देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए कारोबार और लॉजिस्टिक जैसे क्षेत्रों में साहसिक सुधारों की गति बढ़ाने की रणनीति होगी, वहीं 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के दृष्टिकोण से खपत और व्यय बढ़ाकर विकास दर बढ़ाने की भी विशेष रणनीति होगी। साथ ही गरीब, युवा, महिलाएं, किसान और मध्यम वर्ग के लिए राहत के प्रभावी प्रावधानों के साथ रक्षा, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग (एमएसएमई), हरित ऊर्जा और आर्थिक सुधारों पर बड़े ऐलान दिखाए देंगे। वित्त मंत्री राहत और विकास के बीच संतुलन बनाते हुए राजकोषीय घाटे को वित्त वर्ष 2026-27 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 फीसदी के स्तर पर सीमित रखने और 7.5 फीसदी विकास दर पाने की रणनीति के साथ आगे बढ़ते हुए दिखाई देंगी। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि वित्त मंत्री सीतारमण के समक्ष वर्ष 2026-27 का बजट तैयार करते समय चुनौतियों की श्रृंखला सामने है। वर्ष 2026-27 में राज्यों के साथ संसाधनों के बंटवारे को लेकर सोलहवें वित्त आयोग की सिफारिशों को लागू किए जाने पर भी अर्थव्यवस्था पर प्रभाव होगा। इन चुनौतियों के बावजूद इस समय वित्त मंत्री की मुठ्ठियों में विभिन्न वर्गों को राहत देने और विकास की विभिन्न योजनाओं के लिए प्रभावी आवंटन हेतु कर संग्रहण संबंधी मजबूत परिदृश्य मौजूद हैं। चालू वित्त वर्ष के तहत 7.4 फीसदी विकास दर प्राप्ति के संकेत अच्छे आर्थिक परिदृश्य के प्रतीक हैं। चालू वित्त वर्ष में आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में प्रभावी वृद्धि हुई है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से दिसंबर 2024 तक आयकर सहित प्रत्यक्ष कर संग्रहण 17 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है, जो कि पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 8 फीसदी से भी ज्यादा है। उम्मीद की जा रही है कि वित्त मंत्री आगामी वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर 12 से 12.5 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचाते हुए दिखाई देंगी। नए बजट में महिलाओं के लिए विशेष क्रेडिट कार्ड, ऋण तथा बीमा प्लान की घोषणाएं हो सकती हैं।

नए बजट में वित्त मंत्री रोजगार, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, ग्रामीण विकास, सिंचाई तथा वेयरहाउसिंग संबंधी प्रोत्साहन, पीएलआई योजना का दायरा बढ़ाने, रियल एस्टेट सेक्टर और आवास सेक्टर को प्रोत्साहन, डिजिटल क्रांति को आगे बढ़ाने, पीएम सूर्य मुफ्त बिजली योजना तथा स्वच्छ ऊर्जा के लिए अधिक आवंटन करते हुए दिखाई दे सकती हैं। प्रधानमंत्री कौशल मुद्रा योजना की शुरुआत संभावित है। ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ाने के लिए शिक्षण-प्रशिक्षण पर अधिक आवंटन संभावित है। सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में निवेश, रेलवे, शहरी बुनियादी ढांचे में सुधार और क्षमता संवर्धन के साथ दीर्घावधि वृद्धि को बनाए रखने, वैश्विक क्षमता निर्माण और एकीकरण के लिए विभिन्न क्षेत्रों में मिशन मोड के नए सुधार नए बजट के माध्यम से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकेंगे। साथ ही आगामी बजट के माध्यम से वित्त मंत्री सीतारमण तेज विकास के लिए जरूरी और वित्तीय सुधारों को लागू करने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने, उद्योग जगत की लाजिस्टिक्स लागत घटाने, रोजगार सृजित करने वाले मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस करने संबंधी बुनियादी रणनीतियां प्रस्तुत करते हुए दिखाई देंगी। यह भी संभावना है कि आगामी बजट में वित्त मंत्री युवाओं के बीच रोजगार बढ़ाने, कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, डिजिटल कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को रोजगार बाजार की उभरती जरूरतों के अनुरूप ढालने, निजी निवेश को प्रोत्साहित करने, वित्तीय समावेशन को बेहतर करने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने संबंधी प्रभावी प्रावधानों से सजाते हुए दिखाई दे सकती हैं। वित्त मंत्री सीतारमण नए बजट में किसान क्रेडिट कार्ड के तहत उधार की सीमा बढ़ाने और खाद्य महंगाई पर काबू पाने के लिए आपूर्ति संबंधी नए कदमों के साथ आगे बढ़ती हुई दिखाई दे सकती हैं। वित्त मंत्री तेज रोजगारोन्मुखी निर्यात क्षेत्रों से निर्यात बढ़ाकर नए रोजगार अवसरों को निर्मित कर सकती हैं। उम्मीद करें कि नया बजट आम आदमी के लिए राहत, बाजार के लिए रफ्तार और विकसित भारत के लिए साहसिक सुधारों को आगे बढ़ाने वाला ऐतिहासिक बजट होगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# गलत सोच का चश्मा जल्दी उतार देना चाहिए



संकलित

दर्शन

जब सोच निषेधात्मक या गलत होती है, तब वह सुख को भी दुख में परिवर्तित कर देती है। गलत सोच का चश्मा जितनी जल्दी हो, उतार देना चाहिए। बुरे विचार जितना दूसरों का नुकसान करते हैं, उतना ही स्वयं का भी करते हैं। कारण अपनी ही सुरक्षा को लेकर डरा दिमाग ढंग से नहीं सोच पाता। हम स्वार्थी हो जाते हैं, केवल अपने बारे में ही सोचते हैं। कहा गया है कि आपके विचार वहां तक ले जाते हैं, जहां आप जाना चाहते हैं। पर कमजोर विचारों में दूर तक ले जाने की ताकत नहीं होती। हम जो हैं वह सब विचारों का फल है। जो हम सोचते हैं, वही बन जाते हैं। मनुष्य अपने कार्यों से दूसरों को नुकसान पहुंचाता है और अपने विचारों से स्वयं को। गलत सोच एवं अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों को धनवान और प्रतिष्ठित होते देख आदमी में नकारात्मक चिंतन जागता है। अपनी ईमानदारी उसे मूर्खतापूर्ण लगती है। वह पुनर्चिंतन करता है-क्या मिला मुझे आदर्शों पर चलकर? यह नकारात्मक चिंतन उसे भी गलत सोच के दलदल में उतार देता है। समाज में भ्रष्ट और बेईमान लोगों की उत्पत्ति इसी तरह के गलत विचारों के संक्रमण से हुई। इस तरह का गलत सोच हमारी दुनिया को छोटा कर देता है। भीतर और बाहरी दोनों ही दुनिया सिमट जाती हैं। तब हमारी छोटी-सी सफलता अहंकार बढ़ाने लगती है। थोड़ा-सा दुख अवसाद का कारण बन जाता है। कुल मिलाकर सोच ही गड़बड़ हो जाता है। अपने ही बोले हुए को सुनते रहना ज्यादा सीखने नहीं देता।

# तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित

प्रेरणा

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक बार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहा- उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान् के दर्शन हो जाएंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहा- क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोला- जी हां ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूल पर कूद पड़ा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गए। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### लाला लाजपतराय जी का प्रेरणादायक जीवन

भारत में बहुत से महापुरुष हुए। इन महापुरुषों ने भारत को ही नहीं, बल्कि दुनिया को अच्छे मार्ग पर ले जाने के लिए बहुत से काम किए और दुनिया के लिए प्रेरक बनें। इन्हीं में से एक थे लाला लाजपतराय। उनका जन्म 28 जनवरी, 1865 को पंजाब में हुआ था। वह लेखक, वकील, क्रांतिकारी और बहुत से अच्छे गुणों से परिपूर्ण थे। उनका देश की आजादी में भी महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने साइमन कमीशन का विरोध वर्ष 1928 में किया था। इस विरोध के कारण उन पर लाठीचार्ज भी हुआ था। उन्हें पंजाब का शेर और पंजाब केसरी की उपाधि से नवाजा गया था। उन्होंने आर्य समाज के लिए भी काम किया था। उनकी जयंती पर राष्ट्र उन्हें नमन कर रहा है। *- प्रतीक जैन, धमतरी*

# फोन हैकिंग के प्रयास को गंभीरता से क्यों नहीं लिया जाता?

आज का मोबाइल फोन केवल कॉल करने या संदेश भेजने का साधन नहीं है। यह हमारी डिजिटल पहचान, आर्थिक सुरक्षा, निजता, सामाजिक प्रतिष्ठा और कई बार व्यक्तिगत सुरक्षा का केंद्र बन चुका है। इसके बावजूद जब किसी व्यक्ति द्वारा फोन हैक करवाने या उसका प्रयास किए जाने की शिकायत सामने आती है, तो उसे अक्सर यह कहकर टाल दिया जाता है कि, "हैक तो हुआ नहीं, नुकसान क्या हुआ?" यही सोच इस पूरे विषय की सबसे बड़ी और खतरनाक भूल है। अपराध परिणाम से नहीं, इरादे और प्रयास से तय होता है। कानून में अपराध की परिभाषा केवल इस बात से नहीं होती कि अंतिम परिणाम क्या रहा, बल्कि इस बात से होती है कि इरादा (**Mens Rea**) क्या था और प्रयास (**Attempt**) किया गया या नहीं। जिस प्रकार- हत्या का प्रयास भी अपराध है, चोरी का प्रयास भी दंडनीय है। उसी प्रकार फोन हैक करने का प्रयास भी एक गंभीर साइबर अपराध है, भले ही वह तकनीकी कारणों से सफल न हो पाया हो। इसके बावजूद व्यवहार में **FIR** दर्ज नहीं होती, मामला **Non Cognizable** बताकर ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है, पीड़ित को मानसिक, सामाजिक और कानूनी रूप से अकेला छोड़ दिया जाता है, यह प्रवृत्ति कानून की भावना के विपरीत है।

***फोन हैकिंग : कानूनी रूप से कितना मजबूत मामला है***

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अंतर्गत फोन हैकिंग या उसके प्रयास पर कई सशक्त धाराएँ लागू होती हैं। धारा 43 / 66 : बिना अनुमति डिजिटल सिस्टम तक पहुँच। धारा 66**C** : डिजिटल पहचान (**OTP**, **SIM**, अकाउंट) का दुरुपयोग। धारा 66**D** : धोखाधड़ी की नीयत से कंप्यूटर संसाधन का प्रयोग। धारा 72 : गोपनीयता का उल्लंघन।

इसके अतिरिक्त **IPC** की धाराएँ :419, 420, 506 और महिलाओं के मामलों में 354**D** ,भी परिस्थितियों के अनुसार लागू होती हैं। स्पष्ट है कि कानून में हैकिंग का प्रयास स्वयं में दंडनीय अपराध है, बशर्ते इरादा और तैयारी सिद्ध हो, जो आज के डिजिटल युग में चैट, कॉल रिकॉर्ड, ट्रांजेक्शन और बयानों से संभव है। जब एक से अधिक लोग शामिल हों : यह आपराधिक साज़िश है। वास्तविकता यह है कि फोन हैकिंग प्रायः किसी एक व्यक्ति का काम नहीं होती। अक्सर इसमें निर्देश देने वाला तकनीकी रूप से सक्षम व्यक्ति (हैकर) और सहयोगी या आर्थिक लेन-देन से जुड़े लोग शामिल होते हैं। ऐसी स्थिति में भारतीय दंड संहिता की धारा 120-**B** (आपराधिक साज़िश) स्वतः लागू होती है। यदि दो या अधिक व्यक्ति किसी अवैध कार्य को करने या करवाने पर सहमत होते हैं, तो भले ही अपराध पूर्ण न हुआ हो, साज़िश स्वयं एक स्वतंत्र अपराध है। इस पहलू की अनदेखी कर देना अपराधियों को सीधा लाभ पहुंचाता है। "कम पैसे में हैकर लगाया गया" या कम राशि में **hacker** तैयार हुआ काम को अंजाम देने के लिए इसलिए **hacking** संभव ही नहीं है।


***एक खतरनाक भ्रम है :*** अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि यदि हैकर को कम राशि दी गई हो, या भुगतान पूरा न हुआ हो, तो अपराध गंभीर नहीं माना जा सकता। यह धारणा पूरी तरह गलत है।

***हैकिंगः*** एक तकनीकी क्षमता है। यह आवश्यक नहीं कि हर बार पैसे के बदले ही की जाए, तकनीकी रूप से सक्षम व्यक्ति इसे मुफ्त में भी कर सकता है। कानून के लिए यह महत्वपूर्ण नहीं कि कितने पैसे दिए गए, बल्कि यह महत्वपूर्ण है कि किस उद्देश्य से डिजिटल गोपनीयता में सेंध लगाने का प्रयास किया गया। राशि कम होने से अपराध न तो हल्का होता है, न वैध। *- शारदा सिंह*

## करंट अफेयर

# कैम्ब्रिज विवि ने भारत में नया शोध केंद्र किया शुरू


ब्रिटेन के प्रतिष्ठित कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने भारत में अपनी पहुंच का विस्तार करते हुए एक नए शोध केंद्र की शुरुआत और शीर्ष स्तर के स्नातक छात्रों के लिए अतिरिक्त प्रवेश मार्गों की घोषणा की है। विश्वविद्यालय ने बताया कि 'कैम्ब्रिज -इंडिया सेंटर फॉर एडवांस्ड स्ट्डीज' (सीएएस) नवाचार, शोध और शिक्षण पर केंद्रित होगा तथा ब्रिटेन के अग्रणी विश्वविद्यालय और भारत की तेजी से बढ़ती ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करेगा। यह नया केंद्र भारत में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय की गतिविधियों के लिए एक केंद्रीय मंच के रूप में काम करेगा और बौद्धिक आदान-प्रदान, नीति निर्माण में योगदान और सामाजिक प्रभाव को बढ़ावा देगा। कैम्ब्रिज की कुलपति डेबोरा प्रेंटिस ने कहा, कैम्ब्रिज -इंडिया सीएएस भारत के श्रेष्ठ शोधकर्ताओं और नवोन्मेषकों के साथ सहयोग स्थापित करने और इस तेजी से बढ़ती ज्ञान अर्थव्यवस्था के साथ संबंध मजबूत करने का एक रोमांचक अवसर है। इस सप्ताह दिल्ली आए वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहीं प्रोफेसर प्रेंटिस ने यह भी घोषणा की कि विश्वविद्यालय कुछ स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए अतिरिक्त आवश्यकताओं के साथ सीबीएसई की 12वीं कक्षा की योग्यता को मान्यता देगा।



## ऑफ बीट

# कसरत की थकान से उबरने में आइस बाथ है लोकप्रिय

पिछले कुछ साल में 'आइस बाथ' का चलन तेजी से बढ़ा है। दुनिया भर में खुद को स्वस्थ रखने वाले और व्यायाम करने वाले लोग इसे अपना रहे हैं, हालांकि पहले केवल एथलीट ही इसका उपयोग करते थे। 'आइस बाथ' का मतलब बर्फ के छोटे-छोटे टुकड़ों से भरे पानी में नहाना है। कसरत की थकान से उबरने के लिए 'आइस बाथ' 'आइस बाथ' लेने का मुख्य कारण मांसपेशियों में दर्द को कम करना और व्यायाम के बाद थकान से उबरना है। धावक, भारोत्तोलक और फुटबॉल खिलाड़ी सहित एथलीट आमतौर पर 'आइस बाथ' का उपयोग करते हैं। इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि 'आइस बाथ' लेने से कसरत के बाद होने वाली थकान को दूर किया जा सकता है। शोध से पता चला है कि गहन व्यायाम के तुरंत बाद 'आइस बाथ' लेने से अगले कुछ घंटे और दिनों में मांसपेशियों का दर्द कम हो सकता है। 'आइस बाथ' से मांसपेशियों की ताकत, मजबूती और लचीलेपन जैसी चीजों में मदद मिल सकती है। 'आइस बाथ' से व्यायाम के बाद होने वाली सूजन, मांसपेशियों की सूजन और मांसपेशियों की क्षति जैसी चीजों में सुधार हो सकता है। अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें लगातार कई दिन तक तीव्र व्यायाम करना पड़ता है तो आपके लिए 'आइस बाथ' एक अच्छा विकल्प हो सकता है।



# अजित पवार की मौत पर विपक्ष ने उठाई मांग

# 'यह छोटा विमान था, ऐसा क्यों हुआ, इसकी जांच तो होनी चाहिए'



## 14 सालों में 6 बार बने उपमुख्यमंत्री

अजित पवार देश में सबसे ज्यादा उपमुख्यमंत्री के पद पर रहे। पिछले 14 सालों में 6 बार उप मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला। अजित का जन्म 22 जुलाई 1959 को हुआ था। अजित के चाचा शरद पवार महाराष्ट्र की राजनीति में पहले से ही एक स्थापित कांग्रेसी नेता थे। अजित ने राजनीति की शुरुआत 1982 में की, जब वह मात्र 23 वर्ष के थे। उन्होंने सबसे पहले एक चीनी सहकारी संस्था का चुनाव लड़ा। इसके बाद 1991 में वह पुणे सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष बने और 16 सालों तक इस पद पर काबिज रहे। वह साल 1991 में बारामती से लोकसभा के लिए चुने गए लेकिन अपने चाचा शरद पवार के लिए सीट छोड़ दी थी। इसके बाद उसी वर्ष वह महाराष्ट्र विधानसभा के लिए चुने गए। अजित पवार 1995 में महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव के लिए बारामती सीट से खड़े हुए और इसके बाद उन्होंने लगातार कई चुनाव जीते। 2024 में लगातार सात बार इस सीट से विधायक बने।

### पूर्व मंत्री की बेटी से की शादी

अजित की शादी महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री पद्मसिंह बाजीराव पाटिल की बेटी सुनेत्रा पवार से हुई है। दोनों के दो बेटे हैं, जय पवार और पार्थ पवार. जय जहां बिजनेस से जुड़े हैं, वहीं पार्थ ने पिता के नक्शेकदम पर राजनीति में उतरते हुए साल 2019 में महाराष्ट्र के मावल निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ा लेकिन हार गए।







## ममता ने कहा- एजेंसियां भ्रष्ट, सुप्रीम कोर्ट करे जांच

## खड़गे, अखिलेश, अठावले ने भी बताई जांच की जरूरत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार से संबंधित विमान हादसे पर दुख जताते हुए इस मामले की जांच की मांग की। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख बनर्जी ने यह भी कहा कि यह जांच उच्चतम न्यायालय की निगरानी में होनी चाहिए। ममता ने पत्रकारों से कहा, 'हमें सिर्फ उच्चतम न्यायालय पर भरोसा है। बाकी सभी एजेंसियां पूरी तरह से भ्रष्ट हो चुकी हैं।' उन्होंने यह भी संकेत दिया कि अजित पवार अपने चाचा शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में लौटने की योजना बना रहे थे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहा, 'आज सुबह अजित पवार की मृत्यु की खबर सुनकर मैं सचमुच स्तब्ध रह गई। इससे पता चलता है कि इस देश में राजनीतिक दलों के नेताओं के लिए भी कोई सुरक्षा नहीं है।'

### यह कहा खड़गे ने

ममता बनर्जी की इस मांग के बारे में पूछे जाने पर खड़गे ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, 'जांच तो होनी चाहिए क्योंकि ऐसा हादसा हुआ है..सभी नेता (विमान से) जाते हैं, कॉरपोरेट (के लोग) भी जाते हैं। अहमदाबाद में दुर्घटना हुई। यह छोटा विमान था, ऐसा क्यों हुआ, इसकी जांच तो होनी चाहिए।'

### निष्पक्ष हो जांच : अखिलेश

अखिलेश यादव ने कहा, 'वह बड़े नेता थे, कई बार उप मुख्यमंत्री रहे, महाराष्ट्र में लोकप्रिय नेता रहे। आज के समय में हम इतना जागरुक हैं, प्रौद्योगिकी समझते हैं। पूर्व में पहले भी कई वीआईपी की जान इसी तरह गई है। ऐसी जांच हो जिसमें निष्पक्ष तरीके से पता चले कि यह घटना कैसे हुई।' केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने भी विमान हादसे के मामले में जांच की मांग की है।

## अजित के निधन से अधर में एनसीपी, भविष्य को लेकर उठा सवाल

अजित का निधन महाराष्ट्र की सियासत के लिए बहुत बड़ा झटका है। इस हादसे ने सिर्फ बीजेपी की अगुवाई वाली राज्य सरकार में एक बड़ा शून्य पैदा कर दिया है, बल्कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के भविष्य पर भी सवाल उठा दिए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि हादसे के बाद अब एनसीपी एक गंभीर नेतृत्व संकट का सामना कर सकती है, क्योंकि पार्टी में कोई स्पष्ट सेकेंड इन कमांड मौजूद नहीं है। अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार इस समय राज्यसभा सांसद हैं और राजनीतिक रूप से सक्रिय भी रही हैं, लेकिन उनके पास प्रशासनिक अनुभव की कमी मानी जाती है। एनसीपी के राज्य अध्यक्ष सुनील तटकरे और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल के अलावा पार्टी में ऐसा कोई वरिष्ठ नेता नहीं दिखता जो अजित पवार की जगह ले सके। एकमात्र अन्य जनाधार वाले नेता छगन भुजबल जिन्हें हाल ही में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बरी किया गया है लेकिन वे इस समय अस्वस्थ हैं। जानकारों का मानना है कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सामने भी अब सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि अजित पवार के साथ जुड़े 41 विधायक शरद पवार के खेमे की ओर वापस न लौट जाएं।

### चाचा के साथ विलय की थी चर्चाएं

राज्य की राजनीति में एनसीपी (एसपी) और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के संभावित विलय को लेकर चर्चाएं थीं लेकिन विमान हादसे में अजित पवार के निधन के बाद उनके गुट का भविष्य अनिश्चितता में घिर गया है। वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश अकोलकर ने कहा कि दोनों एनसीपी गुट 5 फरवरी को होने वाले जिला परिषद चुनाव 'घड़ी' चुनाव चिह्न पर मिलकर लड़ रहे हैं, जो एक तरह से अनौपचारिक विलय का संकेत है।



बारामती में दिवंगत अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को हाथ जोड़े बैठे देखा जा सकता है। उनके बगल में राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे।



एनसीपी–एससीपी सांसद सुप्रिया सुले और डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी एवं राज्यसभा सांसद सुनेत्रा पवार पवार परिवार के सदस्यों से मिलते समय भावुक हो गईं।

## पवार के साथ इनकी भी इहलीला समाप्त

प्राइवेट चार्टर विमान लेरजेट 45 के हादसे में सिर्फ देश ने सिर्फ अजित पवार जैसा वरिष्ठ नेता ही नहीं खोया बल्कि भारतीय कॉर्पोरेट एविएशन के दो प्रशिक्षित पायलटों की जिंदगी भी खत्म हो गई। उनके साथ कॉकपिट में मौजूद 25 वर्षीय को-पायलट शांभवी पाठक और पायलट-इन-कमांड सुमित कपूर, जिनके करियर की दिशा अलग-अलग थी लेकिन आखिरी उड़ान एक ही रही।

### ग्वालियर से पढ़ाई की थी शांभवी ने



शांभवी पाठक देश की उन नई महिला पायलटों में थीं जो कॉर्पोरेट और चार्टर एविएशन में अपनी जगह बना रही थीं. उन्होंने ग्वालियर के एयरफोर्स स्कूल से पढ़ाई के बाद एविएशन की राह चुनी। मुंबई यूनिवर्सिटी से एयरोनॉटिक्स/एविएशन में पढ़ाई की और फिर न्यूजीलैंड से कमर्शियल पायलट ट्रेनिंग ली। उनके पास कमर्शियल पायलट लाइसेंस (सीपीएल) के साथ फ्लाइट इंस्ट्रक्टर रेटिंग (ए) भी था।

### पिंकी की पिता से हुई थी बात



हादसे में जान गंवाने वाली फ्लाइट अटेंडेंट पिंकी माली के पिता ने बताया कि बेटी से उनकी बात कल हुई थी। पिंकी के पिता व्याकुल शिवकुमार माली ने बताया कि उनकी बेटी ने उनसे कहा था कि वह बुधवार को उनसे बात करेगी। शिवकुमार ने कहा कि उनकी बेटी अब उनसे कभी बात नहीं करेगी। मध्य मुंबई के प्रभादेवी निवासी शिवकुमार ने अपनी बेटी के साथ हुई आखिरी बातचीत को याद करते हुए बताया कि पिंकी ने कहा था कि पापा, मैं कल (बुधवार) उप मुख्यमंत्री पवार के साथ बारामती जा रही हूं।


**फॉर्म-जी**
**रुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण हेतु**
**डीईई सीईई कोल कैरियर प्राइवेट लिमिटेड**
छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में परिवहन और रसद उद्योग
(कोयला खनन में कोयले के परिवहन और ओबी निष्कासन) में कार्यरत
(दिवाला और शोधन अक्षमता (कॉरपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36ए के उप-विनियम(1) के अधीन)

**प्रासंगिक विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पैन/सीआईएन/एलएलपी संख्या के साथ कॉर्पोरेट ऋणदाता का नाम | डीईई सीईई कोल कैरियर प्राइवेट लिमिटेड<br>पैन AACCD9006G<br>सीआईएन U10101DL2008PTC177579 |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | एस-193, पांडव नगर, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली, भारत, 110092 |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | कोई सक्रिय वेबसाइट मौजूद नहीं है |
| 4. | उस स्थान का विवरण जहां अचल संपत्तियों का बहुमत स्थित है | निलंबित निदेशक द्वारा आरपी को कोई अचल संपत्ति उपलब्ध नहीं कराई गई |
| 5. | कॉर्पोरेट ऋणदाता के मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता | एन ए |
| 6. | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य | वित्तीय वर्ष 2023-2024 और 2024-25 के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण के अनुसार, परिचालन से राजस्व शून्य था |
| 7. | कर्मचारियों/श्रमिकों की संख्या | शून्य |
| 8. | दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरणों (अनुसूचियों के साथ), लेनदारों की सूची, प्रक्रिया की बाद की घटनाओं हेतु प्रासंगिक तिथियां सहित अधिक विवरण यहां उपलब्ध हैं:- | अधिक जानकारी cirpdccoal1@gmail.com पर ईमेल के माध्यम से मांगी जा सकती है |
| 9. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां यूआरएल पर उपलब्ध है: | संभावित समाधान आवेदक के लिए पात्रता मानदंड आरपी को ईमेल cirpdccoal1@gmail.com के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है |
| 10. | रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 13.02.2026 |
| 11. | संभावित संकल्प आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 23.02.2026 |
| 12. | अनंतिम सूची पर आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 28.02.2026 |
| 13. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 10.03.2026 |
| 14. | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तिथि | 15.03.2026 |
| 15. | समाधान योजना प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 14.04.2026 |
| 16. | रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए संसाधित ईमेल आईडी | Cirpdccoal1@gmail.com |
| 17. | एमएसएमई के रूप में कॉर्पोरेट देनदार की पंजीकरण स्थिति का विवरण | निलंबित निदेशक द्वारा प्रदान किए गए उद्योग आधार ज्ञापन (यूएएम) प्रमाण पत्र की प्रति 30.06.2022 तक वैध थी और निलंबित निदेशक द्वारा कोई और अद्यतन प्रदान नहीं किया गया। |

सत्य प्रकाश गुप्ता
IBBI/IPA-001/IP-P00737/2017-18/11234
केबीडीएस एंड कंपनी 808, इरोस अपार्टमेंट,
56 नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
एएफए वैधताः 31.12.2026 तक
तिथिः 29.01.2026
स्थानः नई दिल्ली
कृते मेसर्स डी सी कोल कैरियर्स प्राइवेट लिमिटेड


## कुछ सेकेंड में होटलों पर छाया बर्फीला सैलाब

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

- सोनमर्ग में आया खतरनाक एवलांच, सीसीटीवी में कैद हुआ नजारा

जम्मू-कश्मीर के पर्यटन स्थल सोनमर्ग से भयावह वीडियो सामने आया है, जिसमें पहाड़ों से अचानक टूटकर गिरता विशाल बर्फीला सैलाब यानी एवलांच नजर आ रहा है। यह खौफनाक मंजर होटल इलाके का है, जहां कुछ ही सेकंड में पहाड़ों के बीच बर्फ के गुबार ने पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल है। यह एवलांच मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में स्थित सोनमर्ग इलाके का है। वीडियो फुटेज में साफ दिख रहा है कि कैसे ऊंचे पहाड़ों से अचानक भारी मात्रा में बर्फ नीचे की ओर फिसलती है और कुछ ही पलों में विशाल बर्फीला बादल पूरे इलाके को कवर कर लेता है। एवलांच होटल जोन के ऊपर गिरा, जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई।



अचानक आया बर्फीला बादल

### जान-माल के नुकसान की खबर नहीं

गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन एजेंसियों के अनुसार, एवलांच होटल परिसर से थोड़ी दूरी पर रुक गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद सुरक्षाबलों और प्रशासनिक टीमों ने इलाके का निरीक्षण किया और स्थिति का जायजा लिया। दरअसल, कश्मीर घाटी में बीते कुछ दिनों से लगातार भारी बर्फबारी हो रही है। खासकर सोनमर्ग और आसपास के पहाड़ी इलाकों में रिकॉर्ड स्तर की बर्फ जमा हुई है। अधिकारियों के मुताबिक, कुछ ऊंचाई वाले क्षेत्रों में करीब 6 फीट तक बर्फ जमा हो चुकी है। इसी वजह से पहाड़ी ढलानों पर दबाव बढ़ गया है, जिससे एवलांच का खतरा लगातार बना हुआ है।

## अर्थव्यवस्था को जुझारू बनाने दीर्घकालिक दृष्टिकोण जरूरी

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने बुधवार को सुझाव दिया कि आगामी बजट को एक दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ एकीकृत किया जाना चाहिए ताकि भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक जुझारू एवं स्वतंत्र बनाया जा सके। साथ ही वृद्धि को गति दी जा सके क्योंकि दुनिया एक '' बेहद खतरनाक दौर '' से गुजर रही है। राजन ने कहा कि पहले भारत में पंचवर्षीय योजनाएं थीं लेकिन तब भी देश का बजट अच्छी तरह से एकीकृत नहीं था। मेरा मानना है कि (2026-27 का केंद्रीय बजट) एक दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ एकीकृत होना चाहिए।

## सीआईएसएफ 'वंदे मातरम' तटीय साइक्लोथॉन-2026 का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम, नई दिल्ली से सीआईएसएफ की प्रमुख राष्ट्रीय जन-जागरूकता पहल 'वंदे मातरम तटीय साइक्लोथॉन–2026' का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। इस अवसर के साथ ही 25 दिनों के विशाल राष्ट्रीय अभियान की औपचारिक शुरुआत हुई। सीआईएसएफ की दो साइक्लिंग टीमें एक साथ बक्कखाली (पश्चिम बंगाल) और लखपत (गुजरात) से रवाना हुईं। ये टीमें देश के पूर्वी और पश्चिमी तटों के लगभग 6,500 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए 9 तटीय राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों से गुजरेंगी। साइक्लोथॉन का समापन 22 फरवरी को कोच्चि में होगा। शुभारंभ समारोह में युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय की सचिव डॉ. पल्लवी जैन गोविल, आईटीबीपी के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, सीआईएसएफ के महानिदेशक प्रवीर रंजन, एनआईए के महानिदेशक राकेश अग्रवाल, प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी तथा एसएसबी के महानिदेशक संजय सिंघल सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभी गणमान्य अतिथियों ने इंडिया गेट के निकट आयोजित संक्षिप्त साइकिल रैली में भाग लेकर इस अभियान को प्रतीकात्मक समर्थन दिया। सभा को संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि 'वंदे मातरम्' वह अमर गीत है जिसने स्वतंत्रता संग्राम को दिशा दी और आज भी राष्ट्रसेवा की भावना को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में गृह मंत्रालय तटीय सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसमें नागरिकों, विशेषकर तटीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। सीआईएसएफ के महानिदेशक प्रवीर रंजन ने कहा कि वंदे मातरम् तटीय साइक्लोथॉन–2026 राष्ट्रीय एकता, बलिदान और सामूहिक संकल्प का प्रतीक है।


बिहार सरकार

**समाहरणालय, बाँका**
(मद्य निषेध शाखा)
**वाहन नीलामी हेतु अति अल्पकालीन आम सूचना**
**(बिहार मद्यनिषेध एवं अधिनियम 2016 एवं संशोधित अधिनियम 2018 के सुसंगत प्रावधानों के तहत् राजसात् किये गये वाहनों की अल्पकालीन सार्वजनिक नीलामी सूचना)**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बाँका जिलान्तर्गत विभिन्न थाना काण्डों/उत्पाद वादों में राजसात किये गये वाहनों को बिहार मद्य निशेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के सुसंगत प्रावधानों के तहत् विभिन्न अधिहरण वादों में अधिहरण न्यायालय अनुमंडल दण्डाधिकारी, बाँका, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, बाँका, अपर समाहर्त्ता–सह–मद्यनिशेध दण्डाधिकारी, बाँका, जिला प्रंचायती राज पदाधिकारी–सह–मद्यनिषेध दण्डाधिकारी, बाँका एवं जिला परिवहन पदाधिकारी–सह–मद्यनिशेध दण्डाधिकारी, बाँका द्वारा राजसात् किये वाहनो कि सार्वजनिक नीलामी जो जहाँ है जैसे है के रुप में **11.30 बजे पूर्वाह्न में अधीक्षक मद्यनिशेध, महेशडीह, बाँका के कार्यालय वेश्म में निम्न प्रकार से की जायेगी।**

| वाहन नीलामी की तिथि | | आवेदन प्राप्त की अंतिम तिथि | आवेदन प्राप्त करने का स्थान |
|---|---|---|---|
| दिनांक 06.09.2025 (पहली नीलामी) एवं 07 .01.2026 (दूसरी नीलामी) को आयोजित नीलामी से भोश बचे वाहनो की नीलामी की तीसरी तिथि | 09.02.2026 | 06.02.2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक मद्यनिषेध बाँका |

नोट:– (1) विभागीय पत्रांक–5964, दिनांक–04.08.2022 के आलोक में नियमानुसार क्रमशः प्रथम नीलामी के उपरान्त मूल्यांकित राशि का 10 प्रतिशत कम करके एवं द्वितीय नीलामी के उपरान्त मूल्यांकित राशि का 20 प्रतिशत कम करके तृतीय नीमाली कराई जाएगी। (2) निम्नांकित वाहन के स्वामियों को भी सूचित किया जाता है कि यदि वे निम्नांकित वाहनों के लिये अपील/रिवीजन/प्रपत्र IV दायर किये हों तो इसकी सूचना साक्ष्य सहित नीलामी की तिथि के पूर्व नीलामी समिति को उपलब्ध करा देंगे। (3) उक्त वाहन से संबंधित वाहन स्वामी यदि इच्छुक हैं तो नीलामी में भाग ले सकते हैं।

| क्र0 सं0 | न्यायालय, बांका का ज्ञापांक/दिनांक | उत्पाद/थाना नाम | उत्पाद/थाना कांड सं0 | वाहन का प्रकार | पंजीयन संख्या | चेचिस सं0 | इंजन सं0 | MVI द्वारा मूल्यांकित राशि (रूपया में) | दूसरी नीलामी के उपरान्त राशि (20%कम करने के उपरान्त) | अग्रधन की राशि (20%) | वाहन स्वामी का नाम व पता | वाहन निर्माण का वर्श (मॉडल) | वाहन की भौतिक उपस्थिति | नीलामी समय बीमाकृत मूल्य (वाहन की बीमाकृत मूल्य) | वाहन जहाँ पर है |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 01 | 6035/R 23.10.24 | रजौन (नवादा बाजार) | 618/22 | कार | CG12R2266 | MA3ESKD1S00319899 | K12MN1081187 | 110000 | 88000 | 17600 | नाम–डबलू कुमार पे0–प्रशांत सा0–रेलवे कॉलनी झोपड़ पट्टी हाउस नं0–213 थाना वो जिला कोरबा छत्तीसगढ़ | 2010 | | | रजौन (नवादा बाजार) |

नीलामी की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
समाहर्त्ता, बाँका
PR- 022656 ( Excise ) 2025-26
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।








स्पेशल
वर्ल्ड कैंसर डे
4 फरवरी

**डॉक्टर्स एडवाइस**
**विवेक शुक्ला**

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कैंसर दुनिया भर में होने वाली मौतों का हृदय रोगों के बाद दूसरा सबसे बड़ा कारण है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज इंफॉर्मेटिक्स एंड रिसर्च, बेंगलुरु के अनुसार 13.9 लाख व्यक्ति सन 2020 में भारत में कैंसर से ग्रस्त थे और दुनिया भर में 7.5% कैंसर मरीज भारतीय हैं। ऐसे आंकड़े कैंसर को लेकर हमारी चिंता बढ़ाते हैं। लेकिन सुखद है कि नए रिसर्च के अनुसार इसे कंट्रोल करना और समय रहते पता चलने पर ट्रीटमेंट संभव है। कैंसर से जुड़ी बहुत यूजफुल इंफॉर्मेशंस यहां दे रहे हैं।

# अवेयरनेस-प्रिकॉशन से संभव है कैंसर से बचाव







अमेरिकन सोसायटी ऑफ क्लिनिकल ऑन्कोलॉजी के अनुसार, वे दिन अब बीत चुके हैं, जब कैंसर को मृत्यु की पूर्व-चेतावनी माना जाता था। ऐसा इसलिए है क्योंकि पिछले दो दशकों में कैंसर की जांच और उपचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, जिसके कारण इससे छुटकारा पाने और पुनः स्वस्थ होने की संभावनाएं पहले की तुलना में काफी बढ़ गई हैं।

इसके बावजूद भारत के संदर्भ में आज भी विभिन्न प्रकार के कैंसर के तीसरे और चौथे चरण में पहुंचे अधिकांश मरीज असमय मृत्यु का शिकार हो रहे हैं। साथ ही, देश के ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में कैंसर से जुड़े अनेक मामले आज भी रिपोर्ट नहीं हो पाते। स्पष्ट है कि यह एक गंभीर समस्या है।

## कैंसर क्यों होता है

अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार, कैंसर सामान्यतः कोशिकाओं के डीएनए में होने वाले म्यूटेशन के कारण होता है। डीएनए में मौजूद जीन कोशिकाओं को यह निर्देश देते हैं कि उन्हें कैसे बढ़ना है, कितनी बार विभाजित होना है और किस प्रकार कार्य करना है। जब डीएनए में कोई गड़बड़ी उत्पन्न हो जाती है, तो कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं, जो आगे चलकर कैंसर का कारण बनती हैं।

## लक्षणों पर दें ध्यान

जिस अंग में कैंसर होता है, उससे संबंधित लक्षण प्रकट होते हैं। उदाहरण के लिए, फेफड़ों के कैंसर में सांस लेने में तकलीफ होती है, जबकि यकृत (लिवर) कैंसर में भूख न लगना और पाचन संबंधी समस्याएं होती हैं। हालांकि कुछ सामान्य लक्षण भी हो सकते हैं-

किसी घाव या जख्म का लंबे समय तक न भरना। बिना कारण वजन घटना (6 महीनों में 10% से अधिक)। त्वचा के भीतर गांठ महसूस होना, जो तेजी से बढ़ रही हो (ध्यान रखें, हर गांठ कैंसर नहीं होती है)। शरीर के किसी हिस्से में लगातार सूजन होना। खून की कमी (एनीमिया)। बार-बार बुखार आना। मल या मूत्र में रक्त आना। लंबे समय तक थकान या अस्वस्थता महसूस होना। मस्सों या तिलों के रंग, आकार या बनावट में बदलाव। भूख में लगातार कमी होना। इन लक्षणों के दिखने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें।

## कैंसर के कारण

लगभग 10% कैंसर आनुवंशिक होते हैं, जबकि शेष 90% कैंसर अस्वास्थ्यकर जीवनशैली के कारण उत्पन्न होते हैं, जो जीन में म्यूटेशन का कारण बनती है। रिस्क फैक्टर्स में शामिल हैं- जंक फूड का सेवन अधिक करना। लंबे समय तक जंक और पैकेज्ड फूड का सेवन पेट व बड़ी आंत (कोलन) के कैंसर का खतरा बढ़ाता है, क्योंकि इनमें पोषक तत्व कम और वसा, नमक व तेल अधिक होते हैं। धूम्रपान से फेफड़ों में हानिकारक रसायन पहुंचते हैं, जो जीन में विकृति पैदा करते हैं। फेफड़ों के कैंसर का यह प्रमुख कारण है। किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन मुंह, जीभ, गाल और गले के कैंसर का खतरा बढ़ाता है। नियमित व्यायाम न करने से मोटापा बढ़ता है, जो स्तन, गर्भाशय और बड़ी आंत के कैंसर का कारण बन सकता है। बढ़ता वायु प्रदूषण, खासकर वाहनों से निकलने वाला धुआं, फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ाता है। अधिक और नियमित शराब सेवन कोशिकाओं की जेनेटिक संरचना को नुकसान पहुंचाता है और कैंसर के जोखिम को बढ़ाता है। ऐसे में स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर और नशे की आदतें छोड़कर कैंसर से काफी हद तक बचाव संभव है।

## उपचार के तरीके

पिछले कुछ वर्षों में कैंसर उपचार में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पहले जहां चौथे चरण के कैंसर में औसत जीवन अवधि लगभग 6 महीने थी, वहीं अब यह 4–5 वर्ष या उससे अधिक हो सकती है। यदि कैंसर का पता पहले या दूसरे चरण में चल जाए, तो अधिकांश मामलों में पूर्ण उपचार संभव है। कई उपचार पद्धतियां कारगर हो सकती हैं। पहले की तुलना में कीमोथेरेपी में साइड इफेक्ट्स कम होते हैं। ह्यूमन जीनोम प्रोफाइलिंग और टारगेटेड थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को सक्रिय करता है, भी कारगर हैं।



## महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसर

भारत में महिलाओं में सबसे अधिक पाए जाने वाले कैंसरों में स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर, अंडाशय (ओवेरियन) कैंसर तथा गर्भाशय का कैंसर प्रमुख हैं। समय पर जांच और जागरूकता से इन कैंसरों की पहचान शुरुआती अवस्था में संभव है।

**स्तन कैंसर:** स्तन कैंसर के संभावित कारणों में देर से रजोनिवृत्ति (मेनोपॉज) होना, लंबे समय तक हार्मोनल गर्भनिरोधक गोलियों का सेवन कुछ मामलों में जोखिम बढ़ा सकता है, हार्मोनल असंतुलन, शारीरिक गतिविधि की कमी, मोटापा तथा कम अवधि तक स्तनपान कराना, बीआरसीए-1, बीआरसीए-2 तथा पी-53 जैसे जीन में उत्परिवर्तन (म्यूटेशन), शामिल हैं।

**प्रमुख लक्षण:** स्तन या बगल के पास कठोर गांठ, जो प्रायः दर्द रहित होती है। स्तन की त्वचा में लालिमा, मोटापन या सिकुड़न। निप्पल से तरल का स्राव, जिसमें कभी-कभी खून भी हो सकता है। निप्पल का अंदर की ओर धंसना या उसमें जलन। स्तन के आकार या बनावट में बदलाव

**रोकथाम:** चिकित्सक से परामर्श लेकर नियमित रूप से स्तन की स्व-परीक्षा करना, आवश्यकतानुसार मैमोग्राफी कराना, स्वस्थ जीवनशैली अपनाना और वजन नियंत्रित रखना, नियमित व्यायाम एवं प्राणायाम करना, अधिक समय तक स्तनपान कराने से स्तन कैंसर का जोखिम कम होता है।

**उपचार:** जांचों के बाद रोग की अवस्था के अनुसार कैंसर विशेषज्ञ सर्जरी, रेडिएशन थेरेपी, कीमोथेरेपी, हार्मोनल थेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी अथवा इम्यूनोथेरेपी में से उपयुक्त उपचार का चयन करते हैं।

**सर्वाइकल कैंसर:** गर्भाशय के निचले हिस्से को गर्भाशय ग्रीवा कहा जाता है। इसी भाग से उत्पन्न होने वाले कैंसर को सर्वाइकल कैंसर कहा जाता है।

**कारण:** सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) का लंबे समय तक शरीर में बना रहना है, जो यौन संपर्क के माध्यम से फैलता है।

**लक्षण:** माहवारी के बीच या बाद में असामान्य रक्तस्राव, शारीरिक संबंध के बाद रक्तस्राव या दर्द, रजोनिवृत्ति के बाद रक्तस्राव, पेशाब करते समय दर्द या जलन।

**उपचार:** प्रारंभिक अवस्था में सर्जरी या रेडिएशन थेरेपी की जाती है। उन्नत अवस्था में कीमोथेरेपी के साथ रेडिएशन थेरेपी दी जाती है।



**रोकथाम:** एचपीवी संक्रमण से बचाव के लिए टीके उपलब्ध हैं। कैंसर-पूर्व परिवर्तनों की पहचान हेतु पैप स्मीयर एवं एचपीवी टेस्ट किए जाते हैं। नियमित जांच से सर्वाइकल कैंसर का समय रहते पता लगाया जा सकता है।

**ओवेरियन कैंसर:** ओवेरियन कैंसर अंडाशय में होता है, जिसमें असामान्य गांठ या ट्यूमर विकसित हो सकता है, जो कई बार सिस्ट के रूप में दिखाई देता है।

**लक्षण:** पेट में सूजन या लगातार दर्द। भूख न लगना या जल्दी पेट भर जाना। पेट के निचले हिस्से में भारीपन। बार-बार पेशाब की इच्छा। कब्ज या पाचन संबंधी परेशानी।

**संभावित कारण:** कम उम्र में माहवारी का शुरू होना। देर से रजोनिवृत्ति होना, मोटापा, लगभग 10% मामलों में आनुवंशिक कारण, बीआरसीए-1 और बीआरसीए-2 जीन में उत्परिवर्तन होने पर जीवनकाल में ओवेरियन कैंसर का खतरा 40–50% तक बढ़ सकता है।

**बचाव:** जिन महिलाओं के परिवार में स्तन, ओवेरियन, कोलोन या पैंक्रियाज कैंसर का इतिहास हो, उन्हें विशेषज्ञ से परामर्श लेकर नियमित जांच करानी चाहिए। नियमित व्यायाम एवं वजन नियंत्रण से जोखिम कुछ हद तक कम किया जा सकता है।

**उपचार:** रोग की अवस्था के अनुसार सर्जरी, कीमोथेरेपी, हार्मोन थेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी, इम्यूनोथेरेपी तथा कुछ मामलों में रेडियोथेरेपी का उपयोग किया जाता है।

**फेफड़ों का कैंसर:** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, विभिन्न प्रकार के कैंसर से होने वाली कुल मौतों में फेफड़ों का कैंसर सबसे प्रमुख कारण है।

**कारण:** फेफड़ों के कैंसर का सबसे मुख्य कारण धूम्रपान और तंबाकू का सेवन है। इसके अतिरिक्त, जो लोग धूम्रपान करने वालों के संपर्क में रहते हैं, उन्हें भी कैंसर होने का खतरा रहता है। ऐसे व्यक्तियों को पैसिव स्मोकर कहा जाता है। इसके अलावा, लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण, धुआं, धूल और वायु प्रदूषण के संपर्क में रहना भी फेफड़ों के कैंसर का कारण बन सकता है।

**लक्षण:** सांस लेने में तकलीफ, बार-बार खांसी आना, सीने में घरघराहट, सीने में दर्द, खांसी या थूक में खून आना।

**जांच:** छाती का एक्स-रे, सीटी स्कैन/ पैट-सीटी स्कैन, एमआरआई, रक्त एवं मूत्र परीक्षण, बायोप्सी, ब्रोंकोस्कोपी।

**उपचार:** फेफड़ों के कैंसर के उपचार के प्रमुख तरीके निम्नलिखित हैं। प्रारंभिक अवस्था में कैंसर का इलाज सर्जरी द्वारा संभव है। रेडिएशन थेरेपी में फोटॉन थेरेपी एवं प्रोटॉन थेरेपी शामिल हैं। उच्च ऊर्जा विकिरण द्वारा कैंसर कोशिकाओं को नष्ट किया जाता है। एक्सटर्नल बीम रेडिएशन थेरेपी से अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। जब कैंसर फेफड़ों से अन्य अंगों में फैल चुका हो, तब कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी एवं टार्गेटेड थेरेपी की आवश्यकता होती है।

**बचाव के उपाय:** प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने वाला संतुलित आहार लें। हरी सब्जियां, मौसमी फल और साबुत अनाज का सेवन करें। जंक फूड से बचें। धूम्रपान न करें। प्रदूषित वातावरण में मास्क का उपयोग करें।

**मुंह-गले का कैंसर:** मुंह और गले का कैंसर विश्व में होने वाले कैंसरों में छठे स्थान पर आता है। यह कैंसर मुंह से लेकर गले तक के किसी भी हिस्से में हो सकता है।

**लक्षण:** मुंह में घाव जो लंबे समय तक ठीक न हो, भोजन या पानी निगलने में कठिनाई, खाने में दर्द, दांतों का जीभ में लगना, आवाज में बदलाव, मुंह कम खुलना, जीभ बाहर निकालने में परेशानी, गले में दर्द या गांठ महसूस होना।

**कारण:** तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट और अत्यधिक शराब का सेवन इस कैंसर के मुख्य कारण हैं। पान, गुटखा और सुपारी के सेवन से मुंह में बार-बार छाले होना कैंसर के खतरे को बढ़ा देता है।

**उपचार:** यदि मुंह एवं गले के कैंसर का प्रारंभिक अवस्था में निदान हो जाए, तो बायोप्सी के बाद सर्जरी द्वारा इलाज संभव है। दूसरी या तीसरी अवस्था में कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी दी जाती है। आधुनिक तकनीकों जैसे रोबोटिक सर्जरी, इम्यूनोथेरेपी और टार्गेटेड थेरेपी ने उपचार को अधिक सटीक और सफल बनाया है। *

**(डॉ. राजेश मिस्त्री, सीनियर डायरेक्टर (ग्रुप)-ऑन्कोलॉजी, कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई और डॉ. सभ्यता गुप्ता, चेयरपर्सन-डिपार्टमेंट ऑफ गायनेकोलॉजी, गायनी ऑन्कोलॉजी एंड रोबोटिक सर्जरी, मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम से बातचीत पर आधारित)**

---

**सजेशन**
**डॉ. माजिद अलीम**

# इन दिनों अगर बढ़ जाए गैस-एसिडिटी की समस्या

सर्दी के दिनों में ठंड लगने से, खाने के न पचने से पेट में गैस की समस्या बढ़ जाती है। इससे पेट में मरोड़ उठती है, कई बार दर्द असहनीय हो जाता है। वैसे कई लोगों के लिए तो यह हर मौसम की समस्या होती है। लेकिन सर्दी के दिनों में यह कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती है, जिसकी वजह है बार-बार चाय-कॉफी पीना, पकौड़े खाना, टमाटर सूप में बटर डालकर पीना आदि। इन तमाम वजहों के अलावा लाइफस्टाइल से जुड़ी आदतों के कारण भी एसिडिटी और गैस की समस्या होती है। इससे बचने के लिए ये उपाय आजमा सकते हैं।

**लिक्विड:** सर्दी हो या गर्मी पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए क्योंकि पानी ही हमारी पाचनक्रिया को दुरुस्त रखता है। पानी हमें कब्ज से बचाता है और भोजन को वेस्ट में बदलता है। लेकिन भोजन के साथ पानी न पिएं। भोजन से 10 मिनट पहले और आधे घंटे बाद पानी पीना चाहिए। जिससे पेट में गैस नहीं बनती। पानी के अलावा प्रतिदिन ताजा जूस पिएं। पेट में गैस बनने की स्थिति में नीबू पानी पीना भी फायदेमंद होता है। कैफीनयुक्त ड्रिंक्स जैसे कोल्ड ड्रिंक, चाय, कॉफी ये सभी हमारी पाचनक्रिया पर बुरा असर डालते हैं और इनकी वजह से अपच की समस्या में इजाफा होता है। इन ड्रिंक्स की बजाय हर्बल टी, दूध या सादा पानी अपच की समस्या से काफी राहत दिलाता है।



**फाइबर्स:** रेशेदार भोज्य पदार्थ हमारी पाचनक्रिया को दुरुस्त करते हैं। मैदे की बजाय गेहूं की ब्रेड, ब्राउन राइस, ज्वार, बाजारा, मक्का, जौ, बींस, फल और सब्जियों को अपने नियमित आहार में शामिल करें।

**प्रो-बायोटिक्स:** प्रो-बायोटिक्स ऐसे प्राकृतिक बैक्टीरिया हैं जो हमारे शरीर में मौजूद होते हैं। आजकल बाजार में प्रो-बायोटिक्स दूध, ड्रिंक्स, दही और आइसक्रीम मिलती है, जिनके सेवन से अपच की समस्या को दूर किया जा सकता है।

**वसा:** पिज्जा, बर्गर के बजाय लो फैट फूड्स खाने से अपच से होने वाले दर्द से तो बच सकते हैं, साथ ही वजन बढ़ने की समस्या से भी निजात पा सकते हैं।

**मसाले:** ज्यादा मसालेयुक्त खाने से भी सीने में जलन और पेट में गैस होती है। अपच की समस्या होने पर इन्हें खाने से परहेज रखें।

**जीवनशैली:** इन दिनों वही भोजन करें, जो आसानी से पच जाए। अपने मेटाबॉलिज्म, आयु, वजन और काम की शैली के अनुरूप भोजन करना चाहिए ताकि आप फिट रह सकें। नियमित व्यायाम करें। *

---



**डॉक्टर्स सजेशन**
**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब सुबह के समय जोड़ों में हो दर्द

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। सुबह सोकर उठने और देर तक बैठने के बाद उठने पर घुटनों और शरीर के अन्य जोड़ों में जकड़न महसूस होती है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-अंकुर, रायपुर**

इस तरह की समस्या आपको सर्दियों में होती है या गर्मियों में भी, क्योंकि सर्दी के मौसम में हड्डियों संबंधी समस्या काफी देखी जाती है। आपको नियमित रूप में सुबह-शाम एक्सरसाइज शुरू कर देनी चाहिए। साथ ही एक बार आप कैल्शियम और विटामिन डी की जांच करवा लें और अगर कमी हो तो डॉक्टर से संपर्क कर इसकी दवा शुरू कर सकते हैं। पर आपको एक्सरसाइज जरूर करनी चाहिए।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। कुछ समय से मुझे जबड़े में अकड़न लगती है और यह पूरी तरह खुलता भी नहीं है। मैं कई वर्षों से स्मोकिंग करता हूं। कृपया बताएं, ये लक्षण किसी गंभीर बीमारी के संकेत तो नहीं हैं?**

**-कल्पेश, बिलासपुर**

आप स्वयं बता रहे हैं कि लंबे समय से स्मोकिंग कर रहे हैं, लेकिन आपने यह नहीं बताया क्या आप गुटखा भी खातें हैं? क्योंकि समान्य तौर पर स्मोकिंग का सीधा असर जबड़े पर नहीं पड़ता। लेकिन इसके लिए आपको एक बार डॉक्टर से जरूर संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि जबड़ा ना खुलने का कारण पता लगने पर उसका ट्रीटमेंट शुरू हो सकेगा।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। मुझे भूख बहुत कम लगती है। कुछ भी खाने के बाद खट्टी डकारें आने लगती हैं। कभी-कभी पेट में दर्द भी होने लगता है। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए, कृपया समाधान बताएं।**

**-अमरेंद्र, महेंद्रगढ़**



आपकी समस्या सुनकर ऐसा लगता है कि आपका डाइजेस्टिव सिस्टम गड़बड़ है। यानी, खाना ठीक से पच नहीं रहा है। इस वजह से खट्टी डकार आती है, आप अपनी लाइफस्टाइल और खान-पान, पहले चेंज करिए। खाने में फाइबर जरूर शामिल करें। दोपहर में दही सलाद लें। और एक फल नियमित रूप से खाएं। रात में ज्यादा भारी खाना नहीं खाएं, हल्का खाना खाएं और कोशिश करें कि सोने से 3 घंटे पहले डिनर कर ले। इस तरह चेंज करने से आपको आराम मिलेगा। साथ ही बाजार का तला भुना, ऑयली खाना फिलहाल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 44 वर्ष है। मुझे सर्वाइकल की समस्या है। अकसर चक्कर आता है, कभी-कभी सिर दर्द भी होता है। कृपया बताइए, मुझे क्या करना चाहिए?**

**-शुभम, महासमुंद**

सर्वाइकल की समस्या का स्थाई इलाज नियमित एक्सरसाइज है। इसके लिए आपको फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर सर्वाइकल की एक्सरसाइज सीख लेना चाहिए। अगर बहुत ज्यादा दर्द हो रहा है तो डॉक्टर से संपर्क कर पेनकिलर ले सकते हैं, लेकिन इससे फौरी तौर पर आराम मिलेगा। अगर आपका लंबी सिटिंग वाला काम है तो आपको काम के दौरान बीच-बीच में थोड़ी बहुत सर्वाइकल एक्सरसाइज करते रहना चाहिए।

**मेरी उम्र 41 वर्ष है। कुछ दिनों से मुझे किसी भी खाने में स्वाद महसूस नहीं हो रहा है। इसीलिए डाइट बहुत कम हो गई है। इसकी क्या वजह हो सकती है और मुझे क्या करना चाहिए?**

**-संजय, कोरबा**

आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर अपनी जांच करा लेनी चाहिए, कई बार हल्का फीवर होता है जो महसूस नहीं होता, पर उसके लक्षण दिखते हैं। जैसा आप बता रहे हैं कि खाने का स्वाद नहीं आ रहा है, इसलिए आप किसी जनरल फिजिशियन से संपर्क कर जांच कराएं और जरूरत होने पर ट्रीटमेंट शुरू कराएं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**




# सोने के बदले कर्ज दो साल में दोगुना होकर हुआ 15.6 लाख करोड़

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सोने की कीमतों में तेज उछाल के बीच सुरक्षित माने जाने वाले इस खंड में बैंकों और अन्य कर्जदाताओं की दिलचस्पी बढ़ने से देश में सोने के आभूषण के बदले कर्ज दो साल में करीब दोगुना होकर नवंबर 2025 तक 15.6 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

■ सोने के बदले गोल्ड लोन में 42 फीसदी की वृद्धि दर्ज

क्रिफ हाई मार्क की रिपोर्ट के मुताबिक, नवंबर 2025 तक के एक साल में 'सोने के बदले कर्ज' (गोल्ड लोन) में 42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इससे पहले नवंबर 2024 तक के वर्ष में इसमें 39 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी। इस वजह से नवंबर 2023 में 7.9 लाख करोड़ रुपये पर रहा कुल गोल्ड लोन पोर्टफोलियो दो साल में बढ़कर 15.6 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

## बैंकों और अन्य कर्जदाताओं की दिलचस्पा बढ़ी

### पात्रता बढ़ने से कर्ज राशि ज्यादा हुई

क्रिफ हाई मार्क ने कहा कि ऋण पोर्टफोलियो में यह तेज बढ़ोतरी सोने की ऊंची कीमतों और मजबूत गारंटी की वजह से हो रही है। सोने की कीमतों में आई तेजी से कर्ज लेने वालों की पात्रता बढ़ने से कर्ज की राशि भी ज्यादा हो गई है।



### खुदरा ऋण में गोल्ड लोन की हिस्सेदारी बढ़ी

रिपोर्ट के मुताबिक, सोने के बदले कर्ज को लेकर बढ़ते भरोसे के कारण खुदरा कर्ज के कुल पोर्टफोलियो में इसकी हिस्सेदारी भी बढ़ी है। नवंबर 2025 के अंत तक कुल खुदरा ऋण में गोल्ड लोन की हिस्सेदारी बढ़कर 9.7 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले 8.1 प्रतिशत थी।

### गोल्ड लोन खातों की वृद्धि सीमित रही

रिपोर्ट के मुताबिक, सक्रिय गोल्ड लोन खातों की संख्या में वृद्धि अपेक्षाकृत सीमित रही और इसमें 10.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। हालांकि 2.5 लाख रुपये से अधिक के कर्ज अब कुल पोर्टफोलियो का लगभग आधा हिस्सा बन चुके हैं जबकि मार्च 2023 में इनकी हिस्सेदारी 36.4 प्रतिशत थी।

### 56 फीसदी से अधिक कर्ज पुरुषों ने लिया

विश्लेषण में पाया गया कि कुल गोल्ड लोन में 56 प्रतिशत से अधिक कर्ज पुरुष उधारकर्ताओं ने लिए। हालांकि कर्ज चुकाने के मामले में महिला कर्जदारों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत बेहतर रहा है।

### पीएसयू बैंकों का दबदबा बना हुआ

बाजार हिस्सेदारी के लिहाज से गोल्ड लोन में सरकारी स्वामित्व वाले बैंकों का दबदबा बना हुआ है और इस कारोबार में उनकी हिस्सेदारी करीब 60 प्रतिशत है। वहीं, गोल्ड लोन पर केंद्रित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की हिस्सेदारी 8.1 प्रतिशत रही।

## खबर संक्षेप

### सरकार करेगी स्टार्टअप की परिभाषा का विस्तार




**नई दिल्ली।** सरकार देश में उभरते उद्यमों के लिए परिवेश को और मजबूत करने के लिए स्टार्टअप की परिभाषा का विस्तार कर सकती है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। परिभाषा में 'डीप-टेक' और सहकारी समितियां शामिल होंगी। साथ ही स्टार्टअप को 'डीप-टेक' की ओर रुख करने की अनुमति मिलेगी।सरकार ने नवाचार को बढ़ावा देने के लिए देश में स्टार्टअप परिवेश को प्रोत्साहित करने हेतु कई कदम उठाए हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने वर्तमान में दो लाख से अधिक संस्थाएं स्टार्टअप के रूप में पंजीकृत हैं।

### वोडाफोन आइडिया का घाटा कम होकर 5,286 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** कर्ज में फंसी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया का वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा कम होकर 5,286 करोड़ रुपये रहा। वोडाफोन आइडिया को पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 6,609 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा दर्ज किया था। राजस्व 11,323 करोड़ रुपये पर लगभग स्थिर रहा। जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 11,117 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बताया कि तिमाही में प्रति उपभोक्ता औसत राजस्व (एआरपीयू) सालाना आधार पर 7.3 प्रतिशत बढ़कर 186 रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 173 रुपये था।

### एसीसी का लाभ 63 फीसदी घटकर 404 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** सीमेंट बनाने वाली कंपनी एसीसी लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 63 प्रतिशत घटकर 404.25 करोड़ रुपये रहा। अदाणी समूह की इकाई ने वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 1,091.79 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। एसीसी लि. ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बुधवार को बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय 21.7 प्रतिशत बढ़कर 6,391.17 करोड़ रुपये हो गई, जो अब तक की कंपनी की सबसे अधिक तिमाही आय है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 5,251.70 करोड़ रुपये थी। कंपनी का कुल खर्च 16.84 प्रतिशत बढ़कर 6,114.34 करोड़ रुपये रहा।

### एमओएफएसएल के लाभ में 58 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2025-26 का तीसरी तिमाही में 58 प्रतिशत बढ़कर 721 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसने 456 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कुल शुद्ध आय 11.3 प्रतिशत बढ़कर 1,497 करोड़ रुपये हो गई।

## राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जारी किया अधिकृत आंकड़ा

# दिसंबर में जमकर हुआ औद्योगिक उत्पादन 7.8% से बढ़ा उत्पादन, दो साल का बना रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खनन, विनिर्माण एवं बिजली क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन से देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर दिसंबर 2025 में दो साल से अधिक के उच्चतम स्तर 7.8 प्रतिशत पर पहुंच गई। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन दिसंबर 2024 में 3.7 प्रतिशत बढ़ा था।

आधिकारिक बयान में कहा गया, '' दिसंबर 2025 में औद्योगिक गति और मजबूत हुई क्योंकि औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 7.8 प्रतिशत बढ़कर दो वर्ष से अधिक के अपने उच्च स्तर पर पहुंच गया। नवंबर 2025 में इसमें 7.2 प्रतिशत (संशोधित) की वृद्धि दर्ज की गई थी।'

**खास बातें**

- खनन, विनिर्माण व बिजली क्षेत्रों का मजबूत प्रदर्शन रहा
- अस्थायी अनुमान 6.7 फीसदी को संशोधित किया गया था
- विनिर्माण क्षेत्र में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई



### प्राथमिक वस्तुओं की वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत

*उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार दिसंबर 2025 में सालाना आधार पर प्राथमिक वस्तुओं की वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत, पूंजीगत वस्तुओं में 8.1 प्रतिशत, मध्यवर्ती वस्तुओं में 7.5 प्रतिशत, अवसंरचना/निर्माण वस्तुओं में 12.1 प्रतिशत, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में 12.3 प्रतिशत और उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं में 8.3 प्रतिशत रही।*

### विनिर्माण क्षेत्र में 23 उद्योग समूह शामिल

*आईआईपी की वृद्धि में दिसंबर 2025 में शीर्ष तीन प्रमुख योगदान करने वाले क्षेत्र अवसंरचना निर्माण वस्तुएं, प्राथमिक वस्तुएं और मध्यवर्ती वस्तुएं हैं। विनिर्माण क्षेत्र में 23 उद्योग समूहों में से 16 ने दिसंबर 2025 में सालाना आधार पर सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है।*

### विनिर्माण क्षेत्र का योगदान 12.7 फीसदी रहा

*आईआईपी आंकड़ों में दिसंबर 2025 के शीर्ष तीन सकारात्मक योगदानकर्ताओं में बुनियादी धातुओं का विनिर्माण (12.7 प्रतिशत), मोटर वाहन, ट्रेलर व सेमी-ट्रेलर (33.5 प्रतिशत) और दवा औषधीय रसायन एवं वनस्पतिक उत्पाद (10.2 प्रतिशत) शामिल हैं।*

### अप्रैल-दिसंबर में वृद्धि दर घटी थी

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने नवंबर 2025 के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि के अनुमान को पिछले महीने जारी किए गए 6.7 प्रतिशत के अस्थायी अनुमान से संशोधित करके 7.2 प्रतिशत कर दिया है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 3.9 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 4.1 प्रतिशत थी।

### विनिर्माण क्षेत्र में आईटी क्षेत्र में ज्यादा वृद्धि

एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2025 में विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो दिसंबर 2024 में 3.7 प्रतिशत रही थी। इसमें कहा गया, '' विनिर्माण क्षेत्र में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज करने वाले उद्योग कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक व ऑप्टिकल उत्पाद (34.9 प्रतिशत), मोटर वाहन, ट्रेलर व सेमी-ट्रेलर (33.5 प्रतिशत) और अन्य परिवहन उपकरण (25.1 प्रतिशत) हैं।''

### खनन उत्पादन में 6.8 फीसदी की वृद्धि

खनन उत्पादन में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जो दिसंबर 2024 में 2.7 प्रतिशत थी। बिजली उत्पादन में दिसंबर 2025 में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि 2024 की इसी महीने में यह 6.2 प्रतिशत थी।

# चांदी रिकॉर्ड 3.85 लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- सोना 1.71 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम
- चांदी में 15,000 रुपए की तेजी दर्ज की गई

राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को सोना और चांदी की कीमतों में तेजी का सिलसिला जारी रहा। कमजोर अमेरिकी डॉलर और वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच दोनों नए शिखर पर पहुंच गए।

चांदी में लगातार तीसरे दिन तेजी आई और यह 15,000 रुपये यानी 4.05 प्रतिशत बढ़कर 3,85,000 रुपये (सभी कर सहित) प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले सत्र में यह 3,70,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर थी, जबकि शुक्रवार को यह 3,29,500 रुपये प्रति किलोग्राम थी। सराफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 5,000 रुपये यानी तीन प्रतिशत बढ़कर 1,71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गया। मंगलवार को यह 1,66,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

Fly Reed A D. Dadi failing which by Publication
**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-LAI DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSM. Building), Near Head Post Office Residency Road, Jabalpur, -482001. MP.
**NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT. 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT. 1993.**
RC/240/2025 26-11-2025
**BANK OF INDIA**
Verse
**M/S. OM AUTOMOBILES THROUGH ITS PROP.-BAJRANG LAL JAISWAL**
To,
**(CDI)** M/S. OM AUTOMOBILES THROUGH ITS PROP.-BAJRANG LAL JAISWAL, NEAR NEW BUS STAND, TRANSPORT NAGAR, KORBA (C.G.)-495677.
**(CD2)** MR. BAJRANG JAISWAL S/O. SHRI KANIJAIYALAL JAISWAL, H.NO.456, LALURAM COLONY. TRANSPORT NAGAR, KORBA (C.G.)-495677
**(CD3)** MR. KANHAIYALAL JAISWAL S/O. SHRI LAKHAPAT LAL JAISWAL, H.NO.456, LALURAM COLONY, TRANSPORT NAGAR, KORBA, (C.G.)-495677.
Whereas you the was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Cenificate **dated 14/09/2025** in **OA/553/2021** to pay to the Applicant Bank(s) Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs. 8975774.30 (Rupees Eighty Nine Lakhs Seventy Five Thousands Seven Hundred Seventy Four And Paise Thirty Only)** along with pendentellite and future interest **@ 12%** w.e.f. **02/07/2021** till realization and costs of **Rs. 92000 (Rupees Ninety Two Thousands Only)**, and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable / Immoveable property.
2. You are hereby informed that the **04/02/2026 at 10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.
**Specification of property:**-Immovable Property (Residential, Khasta No.- 170/12 (Part of Old Khasra No.-170/1), Laluram Colony, Near New Bus Stand, P.11.No.04. Ward No. 2, Saket Nagar Ward, Mouja-Korba R.1.C.. Teh. & Distt.-Korba C.G. having Plot Area of 4.360 sq.ft. belonging to Defendant No.-2 i.e. Shri Bajrang Lal Jaiswal S/o. Shri Kanhaiya Lal Jaiswal.
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this **date: 26/11/2025.**
Seal
**Neelesh Kumar Awadhlya**
Recovery Officer-II
Debts Recovery Tribunal
Govt. of India, Ministry of Finance
Jabalpur (M.P. & C.G. States)

# अमेजन 16,000 कर्मियों की जल्द करेगी छंटनी




एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

■ तीन माह में यह दूसरी छंटनी होगी

ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन तीन महीने में दूसरी बार बड़े पैमाने पर छंटनी करते हुए लगभग 16,000 नौकरियों की कटौती कर रही है।
कंपनी ने कहा कि उसकी कर्मचारियों की जगह जनरेटिव यानी सृजन से जुड़े कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल करने की योजना है। महामारी के दौरान बढ़ी हुई कार्यबल संख्या को भी धीरे-धीरे कम किया जा रहा है।

ई-कॉमर्स कंपनी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष बेथ गैलेटी ने बुधवार को एक ब्लॉग पोस्ट में कहा कि कंपनी विभिन्न स्तरों को घटा रही है, कर्मचारियों की जिम्मेदारी बढ़ा रही है और नौकरशाही को कम कर रही है। गैलेटी ने कहा कि अमेजन की हाल की छंटनी अक्टूबर में हुई नौकरी कटौती के बाद आई हैं, जब कंपनी ने 14,000 कर्मचारियों को निकालने की घोषणा की थी। उन्होंने बताया कि अमेजन की इकाइयों ने अक्टूबर में ये संगठनात्मक बदलाव पूरे कर लिए थे, लेकिन कुछ विभागों ने इसे अब तक पूरा नहीं किया है। गैलेटी ने कहा कि अमेरिका में काम कर रहे कर्मचारियों को कंपनी के भीतर नई भूमिका खोजने के लिए 90 दिन का समय दिया जाएगा। जो कर्मचारी नया पद नहीं पा सकेंगे या नई नौकरी नहीं लेना चाहेंगे, उन्हें नौकरी से निकाले जाने के बाद दी जाने वाली क्षतिपूर्ति, नौकरी खोजने में सहायता सेवाएं और स्वास्थ्य बीमा सुविधाएं दी जाएंगी।

### निवेश व नियुक्तियां जारी रहेगी

गैलेटी ने कहा, /''इन बदलावों के साथ-साथ हम उन रणनीतिक क्षेत्रों और कार्यों में नियुक्तियां और निवेश भी जारी रखेंगे, जो हमारे भविष्य के लिए बेहद अहम हैं।/''यह अमेजन की 2023 के बाद सबसे बड़ी छंटनी है, जब कंपनी ने 27,000 नौकरियां खत्म की थीं।

### रुपया 11 पैसे टूटकर 91.79 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया बुधवार को शुरुआती बढ़त को गंवा बैठा और अंत में 11 पैसे टूटकर 91.79 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। डॉलर सूचकांक में गिरावट से मिल रहा समर्थन लगातार विदेशी पूंजी की निकासी से बेअसर हो गया। अमेरिकी डॉलर सूचकांक में नरमी और यूरोप के साथ लंबे समय से प्रतीक्षित व्यापारिक समझौते से मिली राहत से रुपया मजबूती से खुला था।

### शैडोफैक्स का शेयर नौ फीसदी टूटकर सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** लॉजिस्टिक सेवा प्रदाता शैडोफैक्स का शेयर अपने निर्गम मूल्य 124 रुपये के मुकाबले नौ प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई में शेयर 8.87 प्रतिशत की गिरावट के साथ 113 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर शेयर ने 112.60 रुपये पर कारोबार शुरू किया जो निर्गम मूल्य से 9.19 प्रतिशत कम है। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 6,706.35 करोड़ रुपये रहा। अंतिम दिन 2.72 गुना अभिदान मिला था।

## टीवीएस मोटर का लाभ बढ़कर 891 करोड़ रुपए...





**नई दिल्ली।** दोपहिया एवं तिपहिया वाहन बनाने वाली टीवीएस मोटर कंपनी लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 46.26 प्रतिशत बढ़कर 891.26 करोड़ रुपये रहा। मजबूत बिक्री के दम पर कंपनी का लाभ बढ़ा है। टीवीएस मोटर कंपनी लिमिटेड ने पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 609.35 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी एकीकृत परिचालन आय 14,755.52 करोड़ रुपये रही जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 11,034.88 करोड़ रुपये थी। वाहन विनिर्माता कंपनी ने बताया कि तीसरी तिमाही में कुल खर्च 13,369.2 करोड़ रुपये से अधिक था, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 10,175.23 करोड़ रुपये था।

# एस्सार 100 ईंधन चार्जिंग केंद्र करेगी स्थापित

एजेंसी ▶▶ बेतुल (गोवा)

एस्सार ग्रीन मोबिलिटी भारत की सबसे बड़ी स्वच्छ माल ढुलाई पहल के तहत देशभर में 100 वैकल्पिक ईंधन एवं चार्जिंग केंद्र के नेटवर्क समर्थित 30,000 एलएनजी और इलेक्ट्रिक ट्रक को तैनात करने का लक्ष्य बना रही है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस विस्तार से माल ढुलाई कार्यों से सालाना लगभग 10 लाख टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आने की उम्मीद है जो परिवहन उत्सर्जन में एक प्रमुख योगदानकर्ता है। साथ ही लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को कार्बन मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एस्सार ग्रुप के परिचालन भागीदार (ऊर्जा) बी. सी. त्रिपाठी ने कहा,डीजल से छुटकारा पाने की प्रक्रिया तभी संभव होगी जब स्वच्छ विकल्प माल ढुलाई की परिचालन और आर्थिक वास्तविकताओं के अनुरूप होंगे। यही वह कमी है जिसे हम दूर करने का प्रयास कर रहे हैं।

# मारुति का मुनाफा 4 फीसदी बढ़कर 3879 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ चार प्रतिशत बढ़कर 3,879 करोड़ रुपये हो गया। वाहन विनिर्माता कंपनी का गत वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में मुनाफा 3,727 करोड़ रुपये रहा था।

मारुति सुजुकी इंडिया ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि नई श्रम संहिता के कारण 594 करोड़ रुपये के एकमुश्त प्रावधान से लाभ प्रभावित हुआ। वित्त वर्ष 2025-26 की समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय बढ़कर 49,904 करोड़ रुपये हो गई जो गत वित्त वर्ष की इसी अवधि में 38,764 करोड़ रुपये थी।

**कार्यालय, नगर पंचायत देवकर, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**
क्र./1118/ न.पं. / 2026 **ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना** देवकर दिनांक 28/01/2026
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेंडर क्रं. | कार्य का विवरण | अनु. लागत (रू. लाख में) | निविदा डाउनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 184526 | वार्ड क्रं. 01 संतोषी वार्ड में आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य। | 12.00 | 18.02.2026 |

टीप :- उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल www.eproc.cgstate.gov.in पर तथा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in पर डाउनलोड की जा सकती है।
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत देवकर, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

**छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी मत्स्य महासंघ मर्यादित**
मुख्यालय का पताः- मछली पालन विभाग परिसर, तेलीबांधा थाने के पास, तेलीबांधा, रायपुर, पो.आ. रविग्राम पिन कोड- 492006,
फोन 0771-4267693, Email: cgmatsyamahasangh@gmail.com
क्र. 941 / ममसं / तक. / निविदा / 2025-26 रायपुर, दिनांक 27.01.2026
**// संक्षिप्त निविदा सूचना //**
छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न सिंचाई जलाशयों में स्थापित एच.डी.पी.ई. केज संरचना के मरम्मत एवं एच.डी.पी.ई. पॉन्टून , केज ग्रो-आउट नेट , फिंगरलिंग नेट , एन्टी बर्ड नेट आदि प्रदाय एवं लगाने के कार्य हेतु NFDB हैदराबाद में पंजीकृत (Empanelled) प्रदायकर्त्ताओं से " Item Rate Tender " के आधार पर प्रत्येक जलाशय के लिए पृथक - पृथक सील बंद निविदाएं अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 18 फरवरी 2026 अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है।
निविदा के संबंध में विस्तृत विवरण , शर्तों आदि की जानकारी एवं कोरे निविदा प्रपत्र राशि रु. 3,000/- (तीन हजार रूपये) + GST अतिरिक्त नगद भुगतान कर मत्स्य महासंघ मुख्यालय से दिनांक 17 फरवरी 2026 तक कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते हैं।
- निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - दि. 17 फरवरी 2026, सायं 5.00 बजे तक
- निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - दि. 18 फरवरी 2026, अपरान्ह 3.00 बजे तक
- निविदा खोलने की तिथि - दि. 18 फरवरी 2026, अपरान्ह 4.00 बजे

(हस्ता.)
प्रबंध संचालक

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.)**
क्र./2032/न.पा./ लो.नि.वि./2025-26 बेमेतरा दिनांक 28.01.2026
**// मैनुअल पद्धति से द्वितीय निविदा सूचना //**
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | अधोसंरचना मद अंतर्गत वार्ड क्र. 11 एवं 16 में विभिन्न स्थानों में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (कुल 09 कार्य) | 50.11 | 13.02.2026 |

टीप :- उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईड http://uad.cg.gov.in पर डाउनलोड की जा सकती है एवं शाखा से कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् बेमेतरा

**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) बिलासपुर (छ.ग.)**
क्रमांक / निर्माण / 2025-26/4940 बिलासपुर दिनांक 16/01/2026
**// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //**
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की ओर से लोक निर्माण विभाग छ.ग. में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी अनुसूची दर पुस्तिका छ.ग. शासन, रायपुर दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील दर पर ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी अंतिम तिथि 16.02.2026 है।

| क्रं | संस्था / कार्य का नाम | वि. खं. | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आदिवासी बालक आश्रम मोहली में क्लास रूम निर्माण | कोटा | 19.3984 | 19400/- |
| 2. | आदिवासी बालक आश्रम मिटवूनवागांव में क्लास रूम निर्माण | कोटा | 19.3984 | 19400/- |
| 3. | आदिवासी बालक आश्रम कुरदर में क्लास रूम निर्माण | कोटा | 19.3984 | 19400/- |
| 4. | आदिवासी बालक आश्रम पुडू में क्लास रूम निर्माण | कोटा | 19.3984 | 19400/- |
| 5. | आदिवासी बालक आश्रम कंचनपुर में क्लास रूम निर्माण | कोटा | 19.3984 | 19400/- |
| 6. | आदिवासी बालक आश्रम दवनपुर में क्लास रूम निर्माण | कोटा | 19.3984 | 19400/- |
| 7. | आदिवासी बालक आश्रम नेवसा में क्लास रूम निर्माण | कोटा | 19.3984 | 19400/- |
| 8. | आदिवासी बालक छात्रावास खोंगसरा में क्लास रूम निर्माण | कोटा | 19.3984 | 19400/- |
| 9. | आदिवासी बालक छात्रावास परसापानी में क्लास रूम निर्माण | कोटा | 19.3984 | 19400/- |
| 10. | आदिवासी कन्या छात्रावास परसापानी में क्लास रूम निर्माण | कोटा | 19.3984 | 19400/- |
| 11. | आदिवासी बालक छात्रावास मिठ्ठूनवागांव में क्लास रूम निर्माण | कोटा | 19.3984 | 19400/- |
| 12. | आदिवासी बालक छात्रावास चपोरा में क्लास रूम निर्माण | कोटा | 19.3984 | 19400/- |
| 13. | आदिवासी बालक छात्रावास सल्कानवागांव में क्लास रूम निर्माण | कोटा | 19.3984 | 19400/- |
| 14. | आदिवासी बालक छात्रावास शिवतराई में क्लास रूम निर्माण | कोटा | 19.3984 | 19400/- |
| | योग :- | | 271.5776 | |

नोट :-
